www.navpradesh.com

दैनिक आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

# नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 02 जून 2026 | कृष्ण पक्ष-द्वितीया, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 113 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## गांव पहुंची डिजिटल सरकार: बड़ेकनेरा का 'सेवा सेतु' मॉडल बना ग्रामीण सुशासन की नई मिसाल: साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीण डिजिटल सुशासन के अभिनव मॉडल 'सेवा सेतु' की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की पहुंच, पारदर्शिता और प्रभाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके गांव में ही सहज, सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि 'सेवा सेतु' अभियान और अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनसे आमजन को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है।

मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान ग्राम की हितग्राही श्रीमती कौशल्या मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है, जिससे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### समय, श्रम और धन की बचत का माध्यम बना सेवा सेतु

बड़ेकनेरा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ गांव में ही उपलब्ध हो जाने से उन्हें दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इससे समय, श्रम और धन की बचत हो रही है तथा शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है। बड़ेकनेरा का 'सेवा सेतु' मॉडल अब ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण, पारदर्शी सेवा वितरण और सुशासन की नई मिसाल के रूप में उभर रहा है।

### एक ही छत के नीचे मिल रही डिजिटल और शासकीय सेवाएं

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में आवेदन प्रेषण के लिए मात्र 30 रुपये तथा प्रिंट आउट के लिए 5 रुपये प्रति पृष्ठ की दर से सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र के माध्यम से आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन तथा भवन निर्माण अनुज्ञा जैसी सेवाएं ग्रामीणों को गांव में ही मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, पेंशन सेवाएं, जीवन, सामान्य एवं कृषि बीमा, पैन कार्ड एवं पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा टिकट बुकिंग तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन पंजीयन भी इसी केंद्र के माध्यम से किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों का समय, श्रम और आर्थिक व्यय उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है।

### आज बेबाक

अभिषेक बनर्जी का अंडे से अभिषेक हुआ। कल्याण बनर्जी का सिर फोड़कर कल्याण किया गया। अब ममता बनर्जी टेंशन में हैं कि कहीं गुस्साए लोग उन पर ममता न लूटा दें। वे भीगी बिल्ली की तरह घर में दुबकी हुई हैं। ये तो सिर्फ ट्रेलर है पूरा खेला अभी बाकी है। अभी तो पार्टी शुरू हुई है। जो जैसा करता है वैसा भरता है। बंगाल के लोग सिर पर चढ़ाना ही नहीं पटक कर लतियाना भी जानते है। नौटंकीबाज़ ममता बानो यह समझ ले जो एक बार नजरों से गिर जाते हैं वे फिर दिल में जगह नहीं बना पाते।

### शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिये छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं। श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की बढ़ी डिमांड

**नई दिल्ली/ए.।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं।

### गरमा-गरम

**सख्ती: अटैचमेंट खत्म करने का आदेश हवा हवाई, विधानसभा सचिवालय ने मांगा पूरा हिसाब-किताब**

# गजब है साहब... स्कूल खाली, दफ्तर भरे, शिक्षकों का अटैचमेंट बरकरार

■ 44 शिक्षकों की सूची भेजी गई, राजनीतिक संरक्षण' वाले नाम गायब!

जयदेव सिंह

**महासमुंद/नवप्रदेश।** प्रदेश में शिक्षकों की कमी और स्कूलों में बिगड़ती शिक्षण व्यवस्था के बीच शिक्षकों के संलग्नीकरण (अटैचमेंट) का मुद्दा अब छत्तीसगढ़ विधानसभा तक पहुंच गया है। विधानसभा सचिवालय द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर को जारी किए गए एक महत्वपूर्ण पत्र ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रश्नकाल के प्रश्न क्रमांक-54 के संदर्भ में मांगी गई जानकारी में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि संलग्नीकरण समाप्त करने के सरकारी आदेशों के बावजूद आखिर कितने शिक्षक आज भी अपने मूल विद्यालयों के बजाय विभिन्न कार्यालयों, मिशनों, छात्रावासों और अन्य संस्थानों में कार्यरत हैं। विधानसभा सचिवालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### स्कूलों में शिक्षक नहीं, कार्यालयों में भीड़

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शिक्षक अपने मूल विद्यालयों में लौटें तो कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर हो सकती है। लेकिन वर्षों से चली आ रही अटैचमेंट संस्कृति ने शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया है। यही कारण है कि अब यह मुद्दा प्रशासनिक दायरे से निकलकर विधानसभा के पटल तक पहुंच चुका है।

### सवाल पूछते ही शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

जब इस संबंध में नव प्रदेश रिपोर्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानकारी मांगी गई और नवकीरण अकादमी एवं लाइब्रेरी में अटैच शिक्षकों की सूची के बारे में सवाल किया गया, तो जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल संबंधित लिपिक को बुलाकर जानकारी तलब की। चौंकाने वाली बात यह रही कि संबंधित लिपिक ने पहले तो विभाग के पास ऐसी किसी सूची के उपलब्ध होने से ही इनकार कर दिया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल जानकारी एकत्रित कर अलग से नामों की सूची भेजने के निर्देश दिए। इस घटनाक्रम ने यह संकेत दिया कि विभाग द्वारा भेजी गई जानकारी अभी भी अधूरी हो सकती है।

### 44 नाम भेजे गए, लेकिन कई नाम गायब

शिक्षा विभाग द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय को भेजी गई सूची में महासमुंद जिले से कुल 44 प्रविष्टियां दर्ज की गई हैं। इनमें समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, विकासखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) कार्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षक एवं व्याख्याता शामिल हैं। सूची में संपा बोस, विद्या साहू, सुबोध कुमार तिवारी, प्रमोद कन्नौज, जागेश्वर सिन्हा, हर्षिता चंद्राकर, रामता मनघड़े, पूर्णानंद मिश्रा, जयप्रकाश सिन्हा, भुवेश्वरी साहू, नरेश पटेल, अनिल साव और देवानंद सहित कई नाम शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 31 शिक्षक ऐसे बताए गए हैं, जो वर्षों से आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों तथा आश्रमों में पदस्थ हैं। विभागीय दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है कि इनमें से अधिकांश की पदस्थापना कलेक्टर महासमुंद की अनुमति से की गई है।

नव प्रदेश पड़ताल

### विधानसभा में उठेगा मुद्दा, मचा हड़कंप

विधानसभा सचिवालय द्वारा मांगी गई जानकारी का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेशों का वास्तविक पालन कितना हुआ है। सरकार यह जानना चाहती है कि कितने शिक्षक आज भी अपने मूल विद्यालयों में पढ़ाने के बजाय अन्य कार्यालयों और संस्थानों में कार्यरत हैं। शिक्षा विभाग में वर्षों से चल रही अटैचमेंट की व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, जबकि दूसरी ओर कई शिक्षक कार्यालयों, मिशनों, छात्रावासों और विशेष परियोजनाओं में वर्षों से जमे हुए हैं। ऐसे में विधानसभा द्वारा मांगी गई यह जानकारी प्रदेशभर में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर सकती है।

### किसी भी प्रकार की जानकारी छिपाई नहीं जाएगी

शिक्षकों के अटैचमेंट की जानकारी डायरेक्टरेट को भेज दी गई है। नवकीरण और लाइब्रेरी में अटैच शिक्षकों की जानकारी उसमें शामिल नहीं है तो उसे अलग से भेजा जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी छिपाई नहीं जाएगी।

-बी.एल. देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद

## अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

■ ईरान ने जवाबी हमले में एयरबेस को बनाया निशाना, ईरानी राष्ट्रपति के इस्तीफे का दावा

**तेहरान/वॉशिंगटन/ए.।** अमेरिका ने कहा कि हमने ईरान के गोरुक और केश्म आइलैंड पर रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स को निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया है कि यह कार्रवाई ईरान की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई।

अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू1 ड्रोन को गिराया था। केंटकॉम के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो ड्रोन को तबाह कर दिया। दूसरी तरफ ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि हमने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में हुआ था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## विकसित देशों से व्यापार समझौता हर भारतीय का जीवन स्तर सुधारेगा

**नई दिल्ली/ए.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) और उससे होने वाले लाभों पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का एक लेख साझा किया है। लेख में बताया गया है कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और भारत-ओमान के बीच साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

**निर्यात और रोजगार को**

**मिलेगा बढ़ावा:** लेख में कहा गया है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए बाजारों में विविधता लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही यह समझौता रोजगार के नए अवसर सृजित करने और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## बंगाल में अधिकारी कैबिनेट का विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

■ अर्जुन सिंह, तपस रॉय मंत्री बने, शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मिनिस्टर

**कोलकाता/ए.।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मंत्रिपरिषद की लिमिट 44, सरकार में 41 मंत्री होंगे

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

### उच्चतम न्यायालय में पांच नये न्यायाधीशों की नियुक्त

**नई दिल्ली/वार्ता।** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में पांच नये न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी। इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से आज जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## नीट री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी

■ सुप्रीम कोर्ट बोला- एजेंसियां पहले से दबाव में हैं, अभी परीक्षा का तरीका बदलना संभव नहीं

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को होने वाली नीट री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराने की मांग खारिज कर दी। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। इससे 21 जून की परीक्षा फिलहाल पेन-पेपर मोड में ही होगी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता के वकील ने नीट री-एग्जाम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### नीट पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार, 21 जून को परीक्षा

नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 सेंटर्स में हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 15 मई को शिक्षा मंत्रालय और एनटीए ने नीट री-एग्जाम की तारीख 21 मई को होने का ऐलान किया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**मौसम : भीषण गर्मी से जल्द राहत मिलने के संकेत, कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

## जगदलपुर-बस्तर में डेढ़ सप्ताह बाद पहुंचेगा मानसून

■ केरलम में मानसून की आहट, बस्तर में भी बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां

**जगदलपुर/नव प्रदेश।** देशभर की तरह बस्तर अंचल में भी लोग मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून जल्द ही केरल तट पर दस्तक देने की स्थिति में पहुंच गया है। मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार केरल में मानसून की एंट्री के बाद इसका असर धीरे-धीरे मध्य भारत की ओर बढ़ेगा और अनुमान है कि जगदलपुर-बस्तर क्षेत्र में अगले एक से डेढ़ सप्ताह के भीतर मानसून सक्रिय हो सकता है। इससे भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि केरल में मानसून के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं, जिसके चलते बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। केरल में मानसून के प्रवेश को पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसके आधार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा

नई दिल्ली/ए.। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है।

## बर्खास्तगी के बाद बरी कर्मचारी वेतन पाने का हकदार नहीं: कोर्ट

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी कर्मचारी को आपराधिक प्रकरण में दोषसिद्धि के आधार पर नौकरी से हटाया गया हो और बाद में वह उच्च अदालत से बरी हो जाए, तो मात्र दोषमुक्त होने के आधार पर वह सेवा से हटाए जाने की अवधि का वेतन और अन्य लाभ पाने का स्वतः अधिकारी नहीं बन जाता। हाई कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों में 'नो वर्क नो पे' का सिद्धांत प्रभावी रहेगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने यह फैसला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### विशेष अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में दी थी चुनौती

विशेष अदालत द्वारा दोषसिद्धि के बाद जारी बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए कर्मचारी ने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका लंबित रहने के दौरान ही कर्मचारी सेवानिवृत्ति की आयु भी पूरी कर चुका था। बाद में हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद विशेष अदालत के फैसले को निरस्त करते हुए कर्मचारी को आरोपों से बरी कर दिया।

## न्यूज गैलरी

### प्रभारी प्राचार्य के क्वार्टर से नकदी और जेवरात की चोरी

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय, छिंदपाली परिसर में चोरी की घटना सामने आई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के आवास से नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, छिंदपाली के प्रभारी प्राचार्य लोकनाथ कैवर्त विद्यालय परिसर स्थित स्टाफ क्वार्टर में निवास करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 18 मई की दोपहर करीब 3 बजे वे शासकीय कार्य से अपने परिवार के साथ रायपुर गए हुए थे। 29 मई की सुबह जब वे वापस अपने क्वार्टर पहुंचे तो घर के मुख्य द्वार पर लगा ताला गायब मिला। अंदर प्रवेश करने पर कमरे का सामान बिखरा हुआ था तथा आलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर आलमारी में रखे 40 हजार रुपये नकद और करीब 10 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। घटना की सूचना मिलने पर सरायपाली पुलिस ने मौके की जांच की। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरी में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 7.92 लाख की आरसीसी नाली निर्माण का महापौर रामू रोहरा ने किया भूमिपूजन

**धमतरी/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विवेकानंद वार्ड स्थित संतलहरी नगर विवेकानंद कॉलोनी में 7.92 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम सभापति (स्पीकर) कौशिल्या देवांगन एवं लोक निर्माण विभाग सभापति विजय मोटवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को तेजी से पूर्ण कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। साथ ही निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।

# बिना अनुमति सेप्टिक टैंक सफाई कर रहे वाहन पर पालिका की सख्ती

**■ आंध्र प्रदेश पंजीयन वाले वाहन की जांच, दस्तावेज व अनुमति नहीं मिलने पर दी चेतावनी, नियमों के पालन के दिए निर्देश**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने बिना अनुमति संचालित हो रही सेप्टिक टैंक सफाई सेवाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शुक्रवार को स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर एवं स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित एक सेप्टिक टैंक सफाई वाहन की जांच की गई।

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि आंध्र प्रदेश पंजीयन वाला वाहन नगर क्षेत्र में सेप्टिक टैंक सफाई कार्य कर रहा था। टीम ने वाहन संचालक से कार्य संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ-साथ नगर पालिका से प्राप्त अनुमति एवं अन्य वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। जांच में यह सामने आया कि वाहन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना तथा आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बगैर कार्य किया जा रहा था।

#### नागरिकों से सहयोग की अपील

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सेप्टिक टैंक सफाई अथवा अन्य सेवाओं के लिए केवल अधिकृत और नियमों के अनुरूप संचालित एजेंसियों एवं वाहनों का ही उपयोग करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध या अनियमित गतिविधि की जानकारी तत्काल नगर पालिका प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और शहर में स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

इस पर नगर पालिका अधिकारियों ने वाहन संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में सभी आवश्यक दस्तावेज एवं वैधानिक अनुमति प्राप्त करने के बाद ही नगर क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की सेप्टिक टैंक सफाई या अन्य सेवा गतिविधियों का संचालन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया अभिनव पहल, लोहरसी समिति से योजना की शुरुआत

# पीएएससी समितियों से किसानों को मिलेगी ड्रोन स्प्रेयर की सुविधा, धमतरी पहला जिला

**रायपुर/नवप्रदेश।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती से जोड़ने की दिशा में जिला धमतरी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले की 10 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (PACS) में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा प्रारंभ की गई है। इस अभिनव पहल के साथ धमतरी देश का पहला जिला बन गया है, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

आज समिति लोहरसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इस महत्वाकांक्षी पहल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में किसानों की उपस्थिति में सभी 10 समितियों के प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा ड्रोन स्प्रेयर का सफल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ड्रोन तकनीक के माध्यम से उर्वरक एवं कीटनाशकों के सटीक छिड़काव, समय की बचत, लागत में कमी तथा बेहतर कृषि प्रबंधन की उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने का यह एक अभिनव प्रयास है। ड्रोन तकनीक कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। इससे किसानों को कम लागत में अधिक दक्षता के साथ कृषि कार्य करने में सहायता मिलेगी। हमारा प्रयास है कि जिले का प्रत्येक किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों का लाभ उठाकर अपनी उत्पादकता और आय में वृद्धि कर सके। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले को कृषि नवाचारों का मॉडल जिला बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है और यह पहल उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस पहल की एक विशेषता यह भी है कि CSC e-Governance के सहयोग से PACS समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के रूप में सशक्त किया जा रहा है, जिससे किसानों को एक ही स्थान पर ड्रोन स्प्रेयर जैसी आधुनिक कृषि सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न डिजिटल एवं शासकीय सेवाओं का लाभ भी प्राप्त हो सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी तथा सहकारी समितियां बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित होंगी।

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती संत कुमारी किरण साहू, उप संचालक कृषि, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, समिति के प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, सीएससी डीएम श्री विनय गिरि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जिले में जिन समितियों को ड्रोन स्प्रेयर सुविधा से जोड़ा गया है उनमें बोड़रा, लोहरसी, दोनर, अछोटा, खरेंगा, भोथीडीह, कुंदेल, गड़ाडीह, जुगदेही तथा करेली शामिल हैं। इन समितियों के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को आवश्यकता अनुसार ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ड्रोन तकनीक के उपयोग से कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव होगा, रसायनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित होगा तथा किसानों का श्रम और लागत दोनों कम होंगे। साथ ही खेतों में सीधे प्रवेश की आवश्यकता कम होने से फसलों को नुकसान की संभावना भी घटेगी। यह पहल कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी।

# बागबाहरा थाने के हवलदार दयासागर की हादसे में मौत

**बलदीडीह के पास ट्रेलर से भिड़ी बाइक, अस्पताल पहुंचने से पहले थमी जिंदगी**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर रविवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बागबाहरा थाने में पदस्थ हवलदार दयासागर भोई (40 वर्ष) की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस विभाग और उनके गृह क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बसना विकासखंड के ग्राम गोड़मर्रा निवासी दयासागर भोई बागबाहरा थाना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। अवकाश के दौरान वे अपने गृहग्राम आए हुए थे। रविवार को निजी कार्य से पिथौरा गए थे और काम पूरा करने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे थे।

इसी दौरान सांकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंक नदी क्रॉसिंग स्थित बलदीडीह के पास उनकी बाइक की रायपुर की ओर जा रहे एक ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक सवार ट्रेलर के नीचे जा घुसा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सांकरा पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल घायल हवलदार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा भेजा गया। हालांकि चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

#### पुलिस विभाग में शोक की लहर

दयासागर भोई के असामयिक निधन से पुलिस विभाग में शोक व्याप्त है। सहकर्मियों और ग्रामीणों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उनके निधन को विभाग और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों तथा ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# नायब तहसीलदार-विधायक विवाद और गहराया, नार्को टेस्ट की मांग, राजस्व अधिकारी हड़ताल पर डटे

**रायपुर/नवप्रदेश।** सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो और राजापुर के नायब तहसीलदार तुषार मानिक के बीच उपजा विवाद अब और गहराता जा रहा है। एक ओर नायब तहसीलदार ने मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए नार्को टेस्ट कराने की मांग की है, वहीं विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा है कि वे हर प्रकार की जांच के लिए तैयार हैं। इस बीच आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन कलमबंद-कार्यबंद हड़ताल पर चले गए हैं।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर शुरू हुई हड़ताल के समर्थन में सरगुजा जिले के राजस्व निरीक्षक और पटवारी भी कामकाज छोड़कर आंदोलन में शामिल हो गए हैं। इसके चलते राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित हो गया है। तहसील न्यायालय खुले रहे, लेकिन अधिकांश मामलों में कोई सुनवाई नहीं हो सकी। कार्यालयीन कर्मचारी केवल लंबित कार्यों के निस्तारण में जुटे रहे। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों ने अंबिकापुर के कलाकेंद्र मैदान में धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिक के साथ शासकीय कार्य के दौरान कथित मारपीट, अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा की

घटना हुई, लेकिन अब तक मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। संघ ने इसे केवल एक अधिकारी के साथ हुई घटना नहीं, बल्कि संपूर्ण राजस्व प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था की गरिमा पर हमला बताया है। संघ का कहना है कि 29 मई को सामूहिक अवकाश लेकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया गया था, लेकिन मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण अब अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि दोषियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रहेगा।

इधर, नायब तहसीलदार तुषार मानिक ने विवाद की सच्चाई सामने लाने के लिए नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधायक, उनकी बहन और एक अन्य महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। उनका कहना है कि पहले उनका नार्को टेस्ट कराया जाए और उसके बाद विधायक का भी, ताकि पूरे मामले का सच जनता के सामने आ सके। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने न तो किसी प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया और न ही किसी फाइल को फेंका।

नार्को टेस्ट की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि वे पहले दिन से ही हर प्रकार की जांच के लिए तैयार हैं। चाहे पुलिस जांच हो या किसी अन्य एजेंसी की, वे पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यह नहीं सोचना चाहिए कि आरोप लगाकर वह जवाबदेही से बच जाएगा। विधायक ने कहा कि सबसे पहले यह जांच होनी चाहिए कि आखिर ऐसी स्थिति उत्पन्न क्यों हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

विवाद के बीच प्रशासनिक अधिकारियों का आंदोलन और नार्को टेस्ट की मांग ने मामले को नया राजनीतिक और प्रशासनिक आयाम दे दिया है। अब सभी की नजरें जांच और शासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

## न्यूज गैलरी

### अवैध खनन पर राज्यभर में हो रही कार्रवाई, 5 चैन माउंटेन मशीनें जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के अवैध खनन

पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देशों के परिपालन में प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाकर लगातार छापेमारी और कठोर कार्रवाई की जा रही है। सरकार की सूक्ष्म निगरानी, तकनीक आधारित मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई के कारण अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना संभव हो पा रहा है। इसी क्रम में खनिज विभाग के सचिव और संचालक के निर्देशानुसार केंद्रीय खनि उड़नदस्ता एवं जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 31 मई 2025 की रात्रि में जिला धमतरी अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम नारी स्थित महानदी में 05 चैन माउंटेन मशीनें रेत के उत्खनन में संलग्न पाई गईं। मौके पर रेत उत्खनन के संबंध में किसी प्रकार की वैध अनुमति अथवा आदेश प्रस्तुत नहीं किए जाने पर खनिज के अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया। खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत सभी मशीनों को जब्त कर सील किया गया तथा जवाब प्रस्तुत करने हेतु मशीनों के मुख्य द्वार पर नोटिस चस्पा किया गया। जांच कार्रवाई के दौरान केंद्रीय उड़नदस्ता की संयुक्त जांच टीम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों और सतत निगरानी तंत्र के कारण अब ऐसी गतिविधियों पर लगातार नियंत्रण स्थापित हो रहा है। राज्यभर में अभियानात्मक कार्रवाई जारी है और अवैध खनन में संलिप्त लोगों को स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि नियमों के उल्लंघन पर किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

### ड्राइवर ने की आत्महत्या, सोशल-मीडिया पर अपलोड किया वॉइस नोट

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में एक ड्राइवर ने कार में जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर एक वॉइस नोट अपलोड किया। जिसमें उसने पत्नी और बच्चों से अलग होने, मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात कही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान हीरापुर निवासी सतबीर सिंह (पिता सुखदेव सिंह) के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर था। शनिवार 30 जून को उसका शव कार के भीतर मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम करवा दिया है। परिजनों के मुताबिक, सतबीर सिंह लंबे समय से पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर तनाव में था। आरोप है कि, पंजाब निवासी निशान सिंह ने उसकी पत्नी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया था। जिसके बाद वह बच्चों को साथ लेकर उसके साथ रहने चली गई। निशान सिंह पिछले 5 साल से रायपुर में रह रहा है। आत्महत्या से पहले रिकॉर्ड किए गए वॉइस नोट में सतबीर सिंह ने अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। उसने पत्नी, बच्चों से दूर होने और मानसिक तनाव की बात कही। घटना के बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस अब वॉइस नोट, पारिवारिक विवाद और अन्य परिस्थितियों की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे ढाबा संचालकों को प्रशासन की सख्त चेतावनी, नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से ग्रामीण पुलिस ने हाईवे स्थित ढाबा संचालकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में बिना लाइसेंस शराब परोसने, अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी उमाशंकर बांधे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा तथा नगर पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल मौजूद रहे। बैठक में हाईवे क्षेत्र में संचालित विभिन्न ढाबों के संचालकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार की शराब का विक्रय या सेवन कराना पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में संबंधित ढाबा संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ढाबा संचालकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्हें प्रतिष्ठानों का संचालन निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने, सभी कर्मचारियों और श्रमिकों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने तथा परिसर और पार्किंग क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने ढाबा संचालकों को निर्देशित किया कि संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों या वाहनों की जानकारी तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें। इसके अलावा ढाबों में जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों का सेवन तथा अन्य अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में संचालित नहीं होने देने की हिदायत दी गई। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ढाबा परिसरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

# जीवन में ऐसा कार्य करें जिसमें केवल पाना नहीं, समाज को कुछ देना हो: डेका

**n राजभवन में बालिका गृह की बेटियों से राज्यपाल ने किया आत्मीय संवाद**

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में एसओएस बालिका गृह, माना की बालिकाओं से आत्मीय संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेकर मानवता की सेवा का अनुकरणीय संदेश देने वाले 75 नागरिकों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने बालिका गृह की बेटियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं। शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और कड़े परिश्रम के बल पर जीवन में कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बालिकाओं से अपने सपनों को कभी छोटा न समझने और निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट पर उपलब्ध बहुत सी जानकारियां समय के साथ बदल जाती हैं, लेकिन पुस्तकों में संचित ज्ञान लंबे समय तक हमारा मार्गदर्शन करता है। उन्होंने बालिकाओं को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित करने की सलाह दी। विशेष रूप से सफल विभूतियों की जीवनी पढ़ने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इससे यह समझने का अवसर मिलता है कि कैसे कठिन संघर्षों और निरंतर प्रयासों के बाद लोग सफलता के शिखर तक पहुंचे हैं। ऐसी प्रेरक कहानियां जीवन में आगे बढ़ने का साहस और संकल्प देती हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि जीवन में हमेशा ऐसा कार्य करने का प्रयास करें जिसमें केवल पाने की लालसा न हो, बल्कि दूसरों की मदद करने और समाज के कल्याण में योगदान देने का निस्वार्थ भाव हो। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने बालिकाओं से सीधे बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों के आत्मीय जवाब दिए। उन्होंने बालिकाओं को उपहार स्वरूप स्टेशनरी सामग्री भेंट की, वहीं बालिकाओं ने भी राज्यपाल को स्व-निर्मित उपहार भेंट कर अपना स्नेह व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पर्यावरण एवं जल संकट के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मानव, पशु एवं प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस संतुलन को कायम रखने में वृक्षों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए पेड़ों को बचाना और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## 7 जुआरी गिरफ्तार, ताश के पत्ते और 65 हजार रुपए कैश जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र के गंगानगर इलाके में पुलिस ने 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है और 65,300 रुपए कैश और ताश के पत्ते जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्गा धर्मकांटा के पीछे गंगानगर इलाके में कुछ लोग बिजली के खंभे के नीचे लगी लाइट की रोशनी में ताश पत्तियों पर पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर ÷काट पत्ती÷ नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई की और मौके से सात लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम अबुज सिंह, शैलेन्द्र कुमार चौधरी, शरद साहू, मंगल साहू, सुमन आडिल, संदीप नागवंशी और कुनाल मेश्राम बताए। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से नकदी बरामद की गई, वहीं जुए की फड़ से भी बड़ी रकम जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे और जुआ फड़ से कुल 65,300 रुपए नकद बरामद हुए हैं। इसके अलावा जुआ खेलने में इस्तेमाल की जा रही 52 पत्ती ताश, प्लास्टिक की बोरी और सफेद कपड़ा भी जब्त किया गया है।

## निविदा आमंत्रित कर 31 जुलाई तक कार्यादेश जारी करने के निर्देश

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विभागीय मुख्यालय 'निर्माण भवन' में आयोजित बैठक में अधिकारियों को मार्च-2026 तक स्वीकृत कार्यों के 30 जून तक निविदा आमंत्रित कर 31 जुलाई तक कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु के तुरंत बाद ये काम शुरू किए जा सकें। उन्होंने छत्तीसगढ़ से गुजर रहे भारतमाला परियोजनाओं की सड़कों से राज्य की सड़कों को जोड़ने फोरलेन सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना बनाने को कहा, ताकि भारतमाला सड़कों का पूरा लाभ राज्य को भी मिल सके। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी और अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव भी बैठक में मौजूद थे। विभाग के सभी संभागों के कार्यपालन अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल प्रदेशभर की 36 द्रुतगामी सड़कों के साथ ही दूरस्थ अंचलों के पहुंचविहीन गांवों के लिए भी प्राथमिकता से सड़कों व पुलों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## बिजली संकट, कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**n नए सब स्टेशन की मांग, पूर्व विधायक ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**रायपुर/नवप्रदेश।** बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्याओं को लेकर रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है और संबंधित विभाग समस्याओं के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि गुढ़ियारी क्षेत्र राजधानी का घनी आबादी वाला इलाका है, जहां बिजली संबंधी समस्याएं सबसे अधिक हैं। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान यहां विद्युत सब-स्टेशन के लिए फंड स्वीकृत किया गया था, लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण परियोजना अधूरी पड़ी हुई है। उनका कहना है कि रायपुर में नजूल और ट्रस्ट की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, जिसका उपयोग बिजली विभाग को सब-स्टेशन निर्माण के लिए किया जा सकता है। उपाध्याय ने कलेक्टर को सुझाव देते हुए कहा कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम या संजय गांधी नगर के आसपास उपलब्ध रिक्त भूमि पर तत्काल नया विद्युत सब-स्टेशन स्थापित किया जाए, जिससे लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## जल जीवन मिशन ने बदली ग्राम पंचायत बरवासन की तकदीर

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनजीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के विकासखंड मरवाही के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरवासन आज श्जल जीवन मिशनश् की बदौलत विकास और खुशहाली की नई मिसाल बन चुकी है। कभी भीषण पेयजल संकट से जूझने वाला यह गाँव अब घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से आत्मविश्वास और संतोष से सराबोर दिखाई देता है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन ग्राम पंचायत बरवासन में ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदल रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित 1,367 की आबादी वाले इस गाँव के सभी 350 घरों तक अब नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँच रहा है, जिससे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो गया है।

## विकसित भारत अधिनियम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने अपर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**n पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

**रायपुर/नवप्रदेश।** अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ऋचा शर्मा ने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को विकसित भारत अधिनियम के बारे में पूरी और स्पष्ट जानकारी हो। नियमों के लागू होने से पहले यदि लोग इसके प्रति जागरूक होंगे, तो वे योजनाओं का अधिक से अधिक और सही लाभ उठा सकेंगे। अपर मुख्य सचिव ने आगामी 01 जुलाई से लागू होने वाले विकसित भारत अधिनियम 2025 की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस नए अधिनियम के प्रावधानों और नियमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएं। अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने आज अटल नगर नवा रायपुर स्थित विकास आयुक्त भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना सहित अन्य ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

## छत्तीसगढ़ में मौसम ने ली करवट, अगले पांच दिन बारिश-अंधड़ के आसार

**रायपुर/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी से जूझ रहे छत्तीसगढ़वासियों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मेघगर्जन, तेज हवाएं, वज्रपात और बारिश की गतिविधियां जारी रहने का अनुमान जताया है। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को रायपुर में आकाश आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। गरज-चमक के साथ बारिश, अंधड़ और तेज हवाएं चलने की संभावना है। शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। पेंड्रारोड में सर्वाधिक 70 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि बलौदा और महासमुंद में 10-10 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 7.2 डिग्री कम है। बिलासपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। पेंड्रारोड में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि रायपुर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वज्रपात और तेज हवाओं को लेकर चेतावनी भी जारी की है। कुछ स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

## 49 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश आशुतोष भाण्डूलकर जिला बदर

**■ छह माह तक छह जिलों में प्रवेश पर रोक**

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गौरव सिंह ने आदतन अपराधी आशुतोष उर्फ छोटू भाण्डूलकर के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई करते हुए उसे रायपुर सहित छह जिलों की सीमाओं से बाहर जाने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(ख) के तहत की गई है।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा 26 मई 2026 को जारी आदेश के अनुसार गोबरानवापारा थाना क्षेत्र के मैडम चौक निवासी आशुतोष उर्फ छोटू भाण्डूलकर (39 वर्ष) को आदेश जारी होने के सात दिनों के भीतर, यानी 1 जून 2026 तक रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश के तहत आशुतोष भाण्डूलकर को आगामी छह माह, अर्थात 25 नवंबर 2026 तक इन जिलों की सीमाओं में सक्षम न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार आशुतोष उर्फ छोटू भाण्डूलकर के खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, बलवा, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, मारपीट, सदोष अवरोध, एनडीपीएस एक्ट, जुआ अधिनियम, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम सहित कुल 49 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा उसके खिलाफ विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और आरोपी की आपराधिक गतिविधियों के मूल्यांकन के बाद जिला प्रशासन ने माना कि उसकी क्षेत्र में मौजूदगी से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने और आम लोगों में भय एवं असुरक्षा का माहौल बनने की आशंका है।

## सुविचार

अगर किसी को ज्यादा भाव दोगे तो वह आपको रद्दी के भाव बेच देगा इसलिए किसी पर उतना ही लुटाओ जितना समेट सको।

# टीएमसी की नई नौटंकी

4 मई को बंगाल की जनता ने तृणमूल कांग्रेस के पन्द्रह साल के कुशासन को उखाड़ कर फेंक दिया था। खुद ममता बनर्जी चुनाव हार गई। इसके बाद से टीएमसी के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। ममता बनर्जी इस सदमे से उतरी भी नहीं है कि उनके समर्थकों पर शुवेन्दु अधिकार की सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। घुसपैठिये खदेड़े जा रहे हैं। टीएमसी के गुंडों की गिरफ्तारी हो रही है। पुलिस उनके जुलूस निकाल रही है। टीएमसी नेताओं और गुंडों के बेजा कब्जा हटाने बुलडोजर कार्यवाही की जा रही है। टीएमसी नेता जहां दिखाई देते हैं जनता उन्हें चोर चोर के नारे लगाकर चिढ़ाती है। टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों में सिर्फ गुस्सा नहीं है बल्कि वे टीएमसी से नफरत करने लगे हैं। खुद ममता बनर्जी अपने घर में दुबक कर बैठी हैं। इंडी गठबंधन वाले भी उन्हें भाव नहीं दे रहे हैं। वे खुद होकर फोन करती हैं तो कोई फोन भी नहीं उठाता। उनकी पार्टी का हाल यह है कि पार्षद से लेकर विधायक और सांसद सभी बगावत पर उतारू हो गए हैं। यह तो गनीमत है कि भाजपा ने टीएमसी नेताओं के लिए अपने दरवाजे बंद रखे हुए हैं वरना टीएमसी टूट गई होती। इन सब हालातों को मद्देनजर रखकर नौटंकीबाज़ ममता बनर्जी ने नई नौटंकी शुरू की है। जनता की सहानुभूति पाने के लिए उन्होंने वही पुराना घिसा पिटा फार्मूला अपनाया है के अपने नेताओ को किराए के टट्टुओं के हाथों बेइज्जत करवाओ और विधवा विलाप करते हुए मौजूदा सरकार पर बदले की कार्रवाई का झूठा आरोप लगाते हुए जार जार आंसू बहाओ। ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर कथित हमला और टीएमसी के सबसे बड़े नौटंकीबाज़ कल्याण बनर्जी पर तथाकथित हमला टीएमसी की नई नौटंकी ही है। अभिषेक बनर्जी पर कथित हमले के आरोप में जो पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं वे टीएमसी के ही कार्यकर्ता निकले हैं। कल्याण बनर्जी पर भी कथित हमला करने वाले टीएमसी के ही कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। जाहिर ये सब प्रायोजित कार्यक्रम है। अब इन तथाकथित हमलों को लेकर ममता बनर्जी हो हल्ला मचा रही हैं और भाजपा पर बदले की कार्यवाही का आरोप लगा रही हैं। साथ ही साथ यह धमकी भी दे रही हैं कि कोई भी सत्ता में हमेश नहीं रहता है। ममता बनर्जी ने खुद होकर इंडी गठबंधन के नेताओं से मदद की गुहार लगाई तब कहीं जाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो सांसदों पर हुए कथित हमले की कड़ी निंदा की। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राजद नेता तेजस्वी यादव और अरविंद केजरीवाल जैसे विपक्षी नेताओं ने भी अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए कथित हमलों की कड़ी निंदा की और भाजपा पर बदले की कार्यवाही करने का आरोप लगाया। दरअसल ममता बनर्जी अब इंडी गठबंधन में भी अगल थलग पड़ चुकी हैं और वे बंगाल से अपना बोरिया बिस्तार बंधने के बाद राष्ट्रीय राजनीति में जाने की जुगत कर रही हैं। जिस इंडी गठबंधन की उन्होंने कभी परवाह नहीं की और बंगाल में एकला चलो रे की नीति पर अमल करती रही अब वे बंगाल की जनता द्वारा धुतकार दिये जाने के बाद इंडी गठबंधन में अपनी जगह तलाश रही हैं। जिसकी बैठक छह जून को होने वाली है। इसमें उन्हें महत्व मिले इसीलिए उन्होंने यह नया खेला किया है किन्तु वे भूल गई हैं कि अब इंडी गठबंधन में उन्हें उसी समय तरजीह मिलेगी जब वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपना नेता मानने के लिए राजी हो जायें। वैसे भी दिल्ली की राजनीति में ऐसे हारे हुए जुआरियों को कोई महत्व नहीं मिलता। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव और उद्धव ठाकरे हैं जो सत्ता से बाहर होने के बाद आज कहां गुम हो गये हैं इसको कोई अता पता नहीं है वही हाल ममता बनर्जी का है। बंगाल में मिली करारी शिकस्त के साथ उनकी पूछपरख कम होना कोई ताज्जुब की बात नहीं है भले ही वे इसके लिए कितनी भी नौटंकी कर लें लेकिन इंडी गठबंधन में अब उन्हें उचित स्थान नहीं मिल पाएगा। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी उनके मनसूबे को हरगीज पूरा नहीं होने देगी।

## सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

जब किसी सुख की आकांक्षा अपने मन में पैदा करते हो, उसी समय भगवान से तुम एक बड़ा दु:ख मांगते हो कि पहले मुझे दु:ख चाहिए तब तो मुझे सुख का आभास होगा; तो ये दु:ख तुम बुला रहे हो यारों !! क्यों मांगते हो सुख ? सुख और दु:ख के पार एक बड़ी वस्तु है– आनंद ! सुख और दु:ख की गहराई में जब उतर जाओगे ना, उसी को बोध या आनंद कहते हैं। अपने अनंत पापों को संकल्प मात्र से मिटाया जा सकता है। हमें अभ्यास की जरूरत नहीं, तुम्हारे गुरु जब जिंदा है तो अभ्यास की क्या जरूरत है? अभी तो केवल उनके इशारे ही काफी

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1908 : सर अरबिंदो को माणिकटोला बम कांड में गिरफ्तार किया गया. 1953: ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी. 1956 : तमिल और हिंदी सिनेमा के बेहतरीन फिल्मकारों में शुमार मणिरत्नम का जन्म. 1966 : अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यान चांद की ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतरा. 1979 : पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे. यह किसी भी सर्वोच्च रोमन कैथोलिक धर्म गुरू की पहली पोलैंड यात्रा थी. 1988: बॉलीवुड के महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता राज कपूर का निधन. 2000 : पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने नवाज शरीफ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका स्वीकार की. 2006 : अमेरिका ने दाऊद इब्राहिम तथा उसके संगठन पर प्रतिबंध लगाया. 2012: मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक को 2011 की अरब क्रांति के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या का आदेश देने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

# संदर्भ : उदन्त मार्तण्ड : हम प्रेस हैं ...

डॉ शाहिद अली

स्याही अभी सूखी नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन को जन जन की चेतना से जोड़ने वाली कलम आज भी जिंदा है क्योंकि 'हम प्रेस हैं'। ये चर्चा इसलिए कि पं. जुगल किशोर शुक्ल के साप्ताहिक पत्र उदन्त मार्तण्ड के दो सौ साल का उत्सव रायपुर प्रेस क्लब ने बड़े ही गौरव के साथ मनाया। उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन की तिथि 30 मई हिन्दी पत्रकारिता दिवस की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप प्रेस क्लब के इस उत्सव में देश भर से नामचीन पत्रकार जुटे। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में रायपुर प्रेस क्लब का यह आयोजन देश भर के पत्रकारों और प्रेस क्लब के लिए एक प्रेरक प्रसंग बना।

खबरपालिका की सबसे बड़ी ताकत उसके प्रेस क्लब में होती है। देश भर में प्रेस क्लब हैं। देश की राजधानी दिल्ली में सबसे बड़ा प्रेस क्लब है। लेकिन रायपुर प्रेस क्लब इन सबसे जुदा है। अगले साल यह अपने चौथे दशक में प्रवेश करेगा, किंतु उदन्त मार्तण्ड के उत्सव ने रायपुर प्रेस क्लब को नई ऊंचाई दी है इसलिए देश भर में इस महत्वपूर्ण आयोजन की प्रशंसा हो रही है। छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता को पं. माधव राव सप्रे के संस्कार मिले हैं इसलिए छत्तीसगढ़ प्रेस की तपोभूमि है जहां पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी से लेकर चंदूलाल चंद्राकर, मोतीलाल वोरा, श्री गोविन्द लाल वोरा, श्री कौशल किशोर मिश्रा, श्री ललित सुरजन, श्री बबन प्रसाद मिश्रा, श्री रमेश नैयर आदि वरिष्ठ पत्रकारों ने रायपुर प्रेस को राष्ट्रीय ख्याति दी है। रायपुर से प्रकाशित हो रहे अखबारों में श्री दिवाकर मुक्तिबोध, श्री सुनील कुमार, डॉ हिमांशु द्विवेदी, श्री राजेश जोशी, श्री यशवंत धोटे , श्री रुचिर गर्ग, श्री अनल प्रकाश शुक्ला, श्री बाबूलाल शर्मा, श्री आलोक प्रकाश पुत्तुल, शशांक शर्मा, कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा जैसे वरिष्ठ संपादकों की समृद्ध परंपरा से छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता गौरवान्वित है। वहीं रायपुर प्रेस क्लब को नई ऊर्जा और प्रेस को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने में श्री शंकर पाण्डेय, श्री अनिल पुसदकर, श्री प्रशांत शर्मा, आसिफ इकबाल, श्री प्रफुल्ल ठाकुर, श्री मोहन तिवारी, श्री दिलीप साहू, श्री गौरव शर्मा, डॉ अनिल द्विवेदी की अभूतपूर्व भूमिका उल्लेखनीय है। उदन्त मार्तण्ड का उत्सव साधारण नहीं था, इसके कई मायने हैं। लोकतंत्र में प्रेस क्लब की सर्वश्रेष्ठ भूमिका को रेखांकित करना और बदलते पत्रकारिता के परिदृश्य में इसे एक नई पहचान देना प्रमुख कारण है। छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का साहस और संघर्ष पत्रकारीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। राजनीति के उतार चढ़ाव में भी प्रेस की भूमिका अपने नैतिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ती रही। इस कड़ी में जब उदन्त मार्तण्ड का उत्सव जुड़ा तो चार चांद लग गए। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने आयोजन की काफी प्रशंसा की और कहा छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता में राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।

युवा मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति होकर प्रेस क्लब का हौसला बढ़ाया। पं. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति श्री के जी सुरेश , वर्तमान कुलपति श्री विजय मनोहर तिवारी, देश के जाने-माने पत्रकारों में श्री हर्षवर्धन त्रिपाठी, श्री अमिताभ अग्निहोत्री, श्री गिरीश पंकज, श्री विश्वेष ठाकरे, श्री वरुण सखा, श्री सुभाष मिश्रा, श्री रुद्र अवस्थी के वक्तव्यों ने स्याही से स्क्रीन तक और डिजीटल दौर के बीच पत्रकारिता की नई चुनौतियों और परिवर्तनों का विश्लेषण बहुत ही गंभीरता से किया। आयोजन की सबसे अहम बात ये रही कि प्रदेश से निकलने वाले राष्ट्रीय अखबार नवप्रदेश ने एक पूरा विशेषांक उदन्त मार्तण्ड को समर्पित किया । युवा संपादक श्री यशवंत धोटे के इस सराहनीय प्रयास को सैंकड़ो पाठकों ने सराहा। विशेषांक का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री ओ पी चौधरी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने किया। मौके पर प्रदेश के एकमात्र कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज दयाल जी भी मौजूद रहे।

विशेषांक में प्रमुखता से आउटलुक के पूर्व संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री आलोक मेहता ने जो कुछ लिखा उससे पत्रकारिता को एक नई दिशा मिली है। इस विशेषांक के जरिए नवप्रदेश ने एक कीर्ति स्तंभ की तरह चौथे स्तम्भ को जो गौरव दिया है वह किसी भी पत्र समाचार पत्र के लिए एक मिसाल है। विशेषांक में प्रमुखता से प्रभाष झा, भुवेन्द्र त्यागी, डॉ हिमांशु द्विवेदी, प्रोफेसर संजय द्विवेदी, सुभाष मिश्र, शिशिर सोनी, सतीश श्रीवास्तव, विश्वेश ठाकरे, डॉ अनिल द्विवेदी, मनोज सिंह बघेल, गिरिश पंकज एवं अन्य प्रमुख पत्रकारों की टिप्पणियां पठनीय और संग्रह किए जाने के योग्य है।

रायपुर प्रेस क्लब ने इस आयोजन से, सोशल मीडिया की धमक और टीवी की चमक से आगे इस बात को सिद्ध किया है कि स्याही आज भी सूखी नहीं है। अखबार का महत्व कभी कम नहीं होगा। कलम चलती रहेगी। प्रेस की ताकत और उसका गौरव उदन्त मार्तण्ड के प्रकाश में हमेशा उज्वल रहेगा क्योंकि हम प्रेस हैं ...।

*( लेखक मीडिया शिक्षाविद् हैं )*

# भारत ने श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई के लिए खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले

**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

1 जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिये भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200ङ्क300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98त्न टैरिफलाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है।

यह सीईपीएसे पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है।पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीएभारतीय निर्यातकों को, जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। रोज़गार सृजन ङ्क यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुँचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे।

भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगालमें, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों मंस भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीएरोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषणतथाहस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केन्द्रों में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। किसान और मछुआरे - घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरीफछूट नहीं दी है। घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी)प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा। समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएँ हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न कर सकता है। दवा और पारंपरिक चिकित्सा - यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए औरटीजीएजैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी – जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीएभारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है। सेवाएँ और आवागमन- समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएँ व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएँ, कंप्यूटर और आईटी सेवाएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएँ शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षाऔर परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुँच से लाभ मिलने की उम्मीद है। महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हमने नए गीत जब गुनगुनाए। गुलाबी गुलाबी सपन झिलमिलाए। महकी हवाओं में फूलों की सरगम दिल को छू रही बह रही जो गुन गुन नशीली नशीली फिज़ाएं हुईं हैं अधर पर हंसी के कमल मुस्कराए। हमने नए... कोई मोहब्बत की बाजीगरी है ये तो उल्फ़तों की जादूगरी है बहारों में गूंजे, बसंती तराने तब ये नए फूल पतझर में आए हमने नए गीत... खुशबू से लिपटी हवा बह रही है गीतों की कोयल क्या कह रही है गुलों से महकने लगे हैं दरीचे मेरा बाबरा मन भी गीत गाए हमने नए गीत। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

बदरा घिर-घिर आ रहे , लिए मेघ मल्हार। नभ आँचल से सींचते , नेह स्वरूप फुहार॥ बरसे मेघ बसंत में, हृद में उठे हिलोर । जीव- जंतु नभ सुमन धरा, नाच उठा मन मोर ॥ पावस पग बौछार से, तृप्त हुई है देह। पावन-सी बरसात में, उतर रहा है नेह॥

**- डॉ प्रतिभा गर्ग**

जब जी चाहा वे काले वस्त्र पहन कोर्ट में आ गए इंपोर्ट करके लाए गए वोटर्स, एक्सपोर्ट में आ गए और मारने की धमकी जब देता था वो तो ठीक था मार पड़ी उसको, तो सारे जिहादी सपोर्ट में आ गए।

**- अनु नेवटिया**

इस परंपरा का अभी , और बढ़ेगा जोर। बुर्के में निकला करें,राजनीति, के चोर।।

बंगाल की राजनीति हमेशा से खूनी और भावुक रही है। अब सत्ता बदली है तो पुराने ÷राजा-महाराजा÷ सड़क पर इस तरह घिर रहे हैं। जनता का धैर्य अब टूट चुका है। क्या लगता है, ये सिलसिला और बढ़ेगा या शांत हो जाएगा

**- कुमार संतोष**

तुमसे बातें करूं तो लगता है जैसे घुलता भजन हो कानों में तेरी आवाज़ में वो जादू है राग हो कोई जैसे गानों में तेरी ख़ामोशियों का मतलब भी होता महसूस मुझे ध्यानों में तेरे चेहरे का नूर लगता है चाँद उतरा हो ज्यों वीरानों में तेरे लफ़्ज़ों का असर ऐसा है जैसे कोई दुआ अज़ानों में तू मिले तो ये ज़िंदगी महके बरसे सावन ज्यों मैदानों में!!

**- नीरू श्रीवास्तव**

जिस घर में हंसते मिले, उनके ही मां बाप। वो घर होता स्वर्ग सा, बढ़ता सदा प्रताप। बढ़ता सदा प्रताप, मिले आशीर्वादों से। कष्ट न आते पास, प्रमोदी आह्लादों से।। दिखें प्रीत में नूर,यही बस होता अंतर। हंसते हों माँ बाप, भरे घट सा हो वो घर।।

**- रजनी रामदेव**

मुझको अपने आप को पहचानना है खुद को बेहतर कर सकूँ यह कामना है पुण्य का सूरज दिखाई दे तो कैसे पाप का छाया हुआ कोहरा घना है स्वप्न सच होंगे यक़ीनन जल्द ही अब अच्छे दिन फिर आने की संभावना है प्राथमिकता एक जैसी है सभी की सब से पहले अपने हित को साधना है देश के हित में निहित है हित हमारा मूल्यों के होते क्षरण को थामना है जानता हूँ चाहे जितना गिड़गिड़ाऊँ उस को मेरा हर निवेदन टालना।

**- अजय अज्ञात**

## राशि फल

**पं. देवव्रत शर्मा**

**मेष राशि:** मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा।

**वृष राशि:** वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा।

**तुला राशि:** तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**धनु राशि:** धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी।

**मकर राशि:** मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे।

**मीन राशि:** मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम पहली बार कब प्रसारित हुआ था?

2) फिगर स्केटिंग खेल से संबंधित गौरी राय किस राज्य से हैं?

3) जलोदर रोग किन पदार्थों के कारण होता है?

4) डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अधिवक्ता प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र कहाँ स्थापित किया गया है?

5) युद्ध सेवा पदक से सम्मानित होने वाली पहली महिला कौन है?

उत्तरमाला- (1) 03 अक्टूबर, 2014 (2) हरियाणा (3) शराब के अत्यधिक सेवन से (4) पुणे (5) मिंटी अग्रवाल

## पहेली

शब्द सामर्थ्य -056

# रूंगटा यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने प्रदेश के खेतों से एक हजार नमूने लेकर एआई मॉडल विकसित किया

- अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल डिस्कवर एप्लाइड साइंसेज में हुआ प्रकाशन
- खेती में एआई की एंट्री, बोआई के साथ मिल जाएगा पैदावार का अनुमान, गणित सुलझाएगा एआई, उत्पादन का देगा सटीक अनुमान
- अब एआई बताएगा खेती से कितनी पैदावार निकालेगा किसान

**भिलाई/नवप्रदेश।** किसान जब फसल बोता है तो उसके सामने सबसे बड़ा सवाल होता है कि आखिर खेत से उत्पादन कितना निकलेगा। बारिश कम हुई तो नुकसान, ज्यादा हुई तो भी असर पड़ता है। खाद और कीटनाशक डालने के बाद भी कई बार उम्मीद के मुताबिक पैदावार नहीं मिलती। इस समस्या का हल निकालने के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित मॉडल तैयार किया है। यह मॉडल खेत का रकबा, बारिश, खाद, कीटनाशक और पुराने उत्पादन के आंकड़े लेकर उनका विश्लेषण करता है और पहले से बता देता है कि फसल का उत्पादन कितना हो सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के खेती के उपलब्ध डाटा का उपयोग कर विश्लेषण किया गया है। जिसमें यह मॉडल 92 फीसदी तक सटीक अनुमान देने में सफल रहा है।

यह शोध रूंगटा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अराधना साहू और उनके शोधार्थी शुभ राज गुप्ता ने किया है। इसमें डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन का भी विशेष मार्गदर्शन रहा। शोध को अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल डिस्कवर एप्लाइड साइंसेज में प्रकाशन किया गया है। शोधकर्ताओं ने अपने मॉडल का नाम एग्रीसिंथ रखा है। शोधकर्ताओं ने सबसे पहले 102 कृषि रिकॉर्ड जुटाए। इनमें अलग-अलग राज्यों की फसल, खेती का क्षेत्र, उत्पादन, बारिश, खाद और कीटनाशकों से

जुड़ी जानकारी शामिल थी। लेकिन इतनी कम जानकारी से मजबूत एआई मॉडल तैयार नहीं किया जा सकता था। इसलिए टीम ने एक विशेष तकनीक का इस्तेमाल कर इन 102 रिकॉर्ड को बढ़ाकर 1000 रिकॉर्ड का डेटाबेस तैयार किया। इससे मॉडल को सीखने के लिए ज्यादा उदाहरण मिल गए। इसके बाद मॉडल को यह सिखाया गया कि बारिश बढने या घटने से उत्पादन पर क्या असर पड़ता है। खाद की मात्रा बदलने पर फसल कैसे प्रतिक्रिया देती है और कीटनाशकों का उपयोग उत्पादन को कितना प्रभावित करता है। एआई ने इन सभी आंकड़ों के बीच संबंधों को समझा और एक पैटर्न तैयार किया।

इस मॉडल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह किसी एक कारक को देखकर अनुमान नहीं लगाता। उदाहरण के लिए केवल बारिश ज्यादा होना अच्छी पैदावार की गारंटी नहीं है। यदि बारिश ज्यादा है लेकिन खाद कम डाली गई है तो उत्पादन पर अलग असर पड़ेगा। इसी तरह खाद ज्यादा और बारिश कम होने पर नतीजा अलग हो सकता है। एआई इन सभी स्थितियों को एक साथ देखकर अनुमान तैयार करता है। अध्ययन के दौरान कई मशीन लर्निंग मॉडल्स का परीक्षण किया गया। इनमें रैंडम फॉरेस्ट, एक्सजीबूस्ट, सपोर्ट वेक्टर मशीन और आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क शामिल थे। हालांकि, सबसे बेहतर प्रदर्शन लाइटजीबीएम मॉडल ने किया। इस मॉडल ने करीब 92 प्रतिशत सटीकता के साथ परिणाम दिए और बाकी सभी मॉडलों से आगे रहा।

शोधकर्ताओं के अनुसार यदि इस तकनीक को बड़े स्तर पर लागू किया जाए तो किसानों को बोआई के समय ही संभावित उत्पादन की जानकारी मिल सकती है। इससे वे पहले से तय कर सकेंगे कि कितनी खाद डालनी है, सिंचाई की कितनी जरूरत होगी और उत्पादन कम होने की आशंका है या नहीं।

### किस तरह मिलेगा फायदा

तकनीक का फायदा सरकार और कृषि विभाग को भी मिल सकता है। किसी जिले या राज्य में फसल उत्पादन का अनुमान पहले से मिलने पर अनाज खरीद, भंडारण और वितरण की तैयारी समय रहते की जा सकेगी। इससे बाजार में अचानक होने वाली कमी या अधिक उत्पादन की स्थिति से निपटना आसान होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होगा। यदि भविष्य में इसे वास्तविक और बड़े कृषि आंकड़ों से जोड़ा गया तो यह तकनीक किसानों के लिए एक डिजिटल सलाहकार बनेगा।

## न्यूज गैलरी

### उप चुनाव में उर्वशी साहू की बड़ी जीत 900 से अधिक मतों से दर्ज की विजय

**अमलेश्वर-पाटन/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र क्रमांक-04 के उपचुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उर्वशी शैलेश साहू ने 900 से अधिक मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा को जन्म दिया है। इस जीत को एक ओर स्वर्गीय शैलेश साहू की जनसेवा के प्रति जनता की श्रद्धा का परिणाम माना जा रहा है, वहीं कांग्रेस इसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर जनता के भरोसे की जीत बता रही है। चुनाव प्रचार के दौरान उर्वशी साहू ने लगातार यह संदेश दिया कि वे अपने दिवंगत पति स्वर्गीय शैलेश साहू के अधूरे सपनों को पूरा करने और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरी हैं। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करते हुए विकास और जनसमस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया। इस चुनाव में उर्वशी साहू को स्वर्गीय शैलेश साहू की लोकप्रियता और जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता का लाभ मिला। साथ ही, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की सकारात्मक छवि ने भी कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण रहा कि मतगणना के दौरान उर्वशी साहू ने शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और अंततः 900 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए इसे स्व. शैलेश साहू की जनसेवा को जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

### आयुक्त ने स्थानीय पार्षद के साथ स्मृति नगर वार्ड का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत साफ-सफाई, अवैध प्लाटिंग, नाला सफाई सहित अन्य कार्यो का बारिकी से निरीक्षण किये। उपस्थित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने निर्देशित किये हैं। निगम आयुक्त, पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर के वार्डो का जायजा लिये। वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किये और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने कहा गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिले। बरसात में अधिक वर्षा होने से निचली जगहो पर जलभराव हो जाता है, जिससे नागरिको को परेशानी होती है, ऐसे डूबान क्षेत्र के समस्या को सुधार कराने निर्देशित किये हैं। वार्ड में ही कुछ अवैध प्लाटिंग कर नागरिको को बेच दिया गया है। खरीदीकर्ताओं द्वारा निर्माण भी किया जा रहा है, उन अवैध प्लाटिंगकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। समीपस्थ बरसात से पूर्व बड़े नाला की सफाई कराने कहा गया है, जिससे बरसात का पानी न रूके। स्मृति नगर में कुछ माह पूर्व नाली निर्माण किया गया है, जो अव्यवस्थित हो गया है संबंधित के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है। आनंद नगर में नया नाली निर्माण कराने के आदेश दिया गया है, जिससे नागरिको को सुविधा मिले। आयुक्त ने सड़को का जायजा लिये, कुछ स्थल में सड़क संधारण की आवश्यकता है, संधारण कराने निर्देशित किया गया है। स्मृति नगर में स्थानीय नागरिको द्वारा अपने घरो के सामने नाली के उपर ढलाई कर वाहन पार्किंग के लिए संरचना बनाया गया है, जिससे नालियों की सफाई में रूकावट हो रही है। उन सभी नालियों के उपर से ढलाई हटाकर सफाई कराने कहा गया है।

लड़कों को पीटा, फिर रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाला, स्कूल-परिसर से मिले सैकड़ों नशीले इंजेक्शन

# खुर्सीपार में गुंडागर्दी और नशे का विडियो वायरल

**भिलाई/नवप्रदेश।** खुर्सीपार थाना इलाके में नशाखोरी को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग वीडियो वायरल हुए। एक वीडियो में खुलेआम नशे के इस्तेमाल के सबूत दिखाए गए हैं, जबकि दूसरे वीडियो में युवकों के बीच मारपीट है। इन दोनों घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। खास बात यह है कि पूरी घटना का वीडियो बनाकर युवकों ने खुद सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, भिलाई शहर का बाप हूं मैं कुलदीप।

वायरल वीडियो में एक स्थानीय ब्लॉगर खुर्सीपार के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर नशे से जुड़े सामान दिखाता और उसे साफ करता नजर आ रहा है। वीडियो में ब्लॉगर ने दावा किया है कि, खुर्सीपार में इस तरह नशा खुलेआम चल रहा है। वीडियो के अनुसार ब्लॉगर स्कूल परिसर के अंदर और आसपास से मिले इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, सिरिंज और दवाइयों को इकट्ठा कर लोगों को दिखा रहा है। उसने वीडियो के जरिए पुलिस प्रशासन से नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील भी की है। साथ ही थाना प्रभारी से कहा है कि, आप यहां पर ध्यान दीजिए और कार्रवाई कीजिए।

ब्लॉगर वीडियो में कहता दिखाई देता है कि, स्कूल जैसे स्थानों पर इस तरह की सामग्री मिलना चिंता का विषय है। उसने प्रशासन से स्कूल परिसरों और आसपास के इलाकों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की है। इसके अलावा केनाल रोड स्थित गार्डन इलाके में भी उसने बड़ी संख्या में पड़े इंजेक्शन और दवाइयों को दिखाते हुए वीडियो अपलोड किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, एक तरफ पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चलाने और अपराध पर नियंत्रण की बात करती है, दूसरी तरफ खुलेआम नशाखोरी और गुंडागर्दी के वीडियो सामने आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि खुर्सीपार क्षेत्र में नशे का कारोबार और असामाजिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

#### कार्रवाई और चेकिंग का भी असर नहीं

पुलिस लगातार सुबह-सुबह दबिश देकर घरों में चेकिंग अभियान और नशे के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रही है। लेकिन खुर्सीपार में इसकी स्थिति एकदम उलट है। यहां खुलेआम मारपीट और नशे के इस्तेमाल के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक दिन पहले ही खुर्सीपार थाना क्षेत्र में पुलिस ने आरोपी रधुवीर नेताम को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से 1 किलो 84 ग्राम गांजा और बिक्री से जुड़ी रकम समेत कुल 55 हजार का सामान जब्त किया था।

## संभाग आयुक्त ने जनपद सीईओ को किया निलबित

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले के जनपद पंचायत सीईओ रूपेश कुमार पांडेय को सस्पेंड कर दिया गया है। कुछ दिन पहले उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे 'सुशासन तिहार' के दौरान बीजेपी ग्रामीण महामंत्री पुराण देशमुख से बहस करते नजर आए थे। यह पूरा विवाद विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में हुआ था।

जानकारी के मुताबिक सुशासन तिहार के तहत आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में सामुदायिक भवन के लिए राशि जारी करने को लेकर बीजेपी नेता ने आपत्ति जताई थी। इसी मुद्दे पर जनपद ष्टश्वह्र रूपेश कुमार पांडेय और पुराण देशमुख के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी।

वीडियो में रूपेश कुमार पांडेय को यह कहते हुए सुना गया था कि, 'जो करना है कर लो।' वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही वायरल हो गया। इसके बाद बीजेपी नेताओं और स्थानीय लोगों ने अधिकारी के व्यवहार पर सवाल उठाए थे। मामले के तूल पकड़ने के बाद राज्य सरकार ने रूपेश कुमार पांडेय को सस्पेंड कर दिया है।

## खिलाड़ियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**दुर्ग/नवप्रदेश।** सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला-दुर्ग द्वारा आयोजित वर्ष 2026-27 के 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन हो गया है। जिले के पृथक-पृथक 17 खेल मैदानों में संचालित किया गया था, जिसमें बालक-बालिका खिलाड़ियों को फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, नेटबॉल, ताईक्वांडो एवं कुश्ती जैसे विभिन्न खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर के अंतर्गत फुटबॉल खेल का समापन के.डी. पब्लिक स्कूल बोरसी के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जहाँ समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूषण साहू (संचालक, के.डी. पब्लिक स्कूल बोरसी), अलबियुस एक्का (सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, जिला-दुर्ग) तथा भूपेन्द्र कुमार हिरवानी (फुटबॉल प्रशिक्षक) विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभावान बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शीघ्र शुरू होगी जलापूर्ति

- कलेक्टर ने की जिले में प्रगतिरत 7 समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित विभिन्न जलप्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत 7 समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा

करते हुए कार्यो को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शीघ्र जलापूर्ति प्रारंभ की जाएगी। वहीं अंजोरा ढाबा एवं मोतिमपुर समूह योजनाओं में विद्युत कनेक्शन से जुड़े कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत निरस्त किए गए अनुबंधों के मामलों में शीघ्र नई निविदा आमंत्रित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए जाने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया है, उनके संतोषजनक जवाब पर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने अमलेश्वर समूह योजना में शामिल चार ग्राम अमलेश्वर, मगरघटा, खुड़मुड़ी एवं भोथली को संबंधित स्थानीय निकाय को हस्तांतरित करने हेतु संयुक्त निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनका संचालन एवं संधारण संबंधित पंचायतों द्वारा किया जाएगा।

## बीएसपी में नई 'मेकर-चेकर' प्रणाली का शुभारंभ

**भिलाई/नवप्रदेश।** इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन स्थित वित्त एवं लेखा सभागार में दिनांक 01 जून 2026 को वेतन भुगतान प्रणाली (सीपीआरएस) तथा बीएसपी-सैप में बैंक खाता परिवर्तन प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 'मेकर - चेकर प्रोविजन फॉर बैंक एकाउंट चेंज' प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस प्रणाली का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम तथा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) प्रमोद कुमार चोखानी, संयंत्र के महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नई मेकर-चेकर प्रणाली के माध्यम से बैंक खाता परिवर्तन संबंधी अनुरोधों के सत्यापन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है, जिससे डेटा की शुद्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ प्रणाली की विश्वसनीयता एवं सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान इस पहल के महत्व एवं इसके संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दी गई। यह व्यवस्था डिजिटल प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने तथा मानव संसाधन एवं वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों में बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई व्यवस्था से कर्मचारियों को बैंक खाता परिवर्तन संबंधी अनुरोधों के त्वरित एवं सुरक्षित निष्पादन का लाभ प्राप्त होगा। इस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन में मानव संसाधन विभाग, सी एंड आईटी विभाग तथा वित्त एवं लेखा विभाग का योगदान रहा।

## फाइनल में व्हाइट टाइगर विजेता, सुनील रहे उपविजेता

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** रविवार को मिनीमाता स्टेडियम में खेले गए कुम्हारी प्रीमियर लीग सीजन-3 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में व्हाइट टाइगर ने सुनील स्टनर को 6 विकेट से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुनील स्टनर की टीम 11.4 ओवरों में 94 रनों पर सिमट गई, जिसमें स्वयं पांडे ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। जवाब में व्हाइट टाइगर ने धर्मेंद्र यादव की मात्र 16 गेंदों में 7 छक्कों से सजी 49 रनों की आतिशी नाबाद पारी की बदौलत 9 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि यश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद लेखराम साहू और पूर्व पार्षद मनहरण यादव की गरिमामयी उपस्थिति में पुरस्कार बांटे गए। प्रतियोगिता की विजेता टीम व्हाइट टाइगर को 1 लाख रुपये और उपविजेता सुनील स्टनर को 50 हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही तीसरे स्थान पर रही राधे 11 को 25 हजार रुपये तथा चौथे स्थान की टीम आजाद हिंद जंजगीरी को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। दो माह तक चले इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कुम्हारी प्रीमियर लीग के आयोजन समिति की भूमिका सराहनीय रही। समिति के सदस्य मुकेश पटेल, सुमित खोडियार, लक्की निर्मलकार और विकास शुक्ला की देखरेख में पूरा टूर्नामेंट बेहद अनुशासित और भव्य तरीके से संपन्न हुआ। मैदान पर मौजूद भारी संख्या में दर्शकों ने भी इस यादगार फाइनल मैच का भरपूर आनंद लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**आईआईटी भिलाई की बड़ी उपलब्धि:** दवाओं को पेट में सुरक्षित रखते हुए आंत में नियंत्रित तरीके से छोड़ने में सक्षम है

# अब मुखसेवी दवाएं हो सकती हैं अधिक सुरक्षित और प्रभावी: डॉ. बैनर्जी

**भिलाई/नवप्रदेश।** कल्पना कीजिए एक ऐसी दवा की, जो पेट के तेज़ अम्ल से सुरक्षित रहते हुए शरीर के सही हिस्से तक पहुंचे और वहीं जाकर नियंत्रित तरीके से अपना असर दिखाए। स्वास्थ्य सामग्री के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं स्वरूप माईती, सुदीप्त पॉल, संदीपन घोष और डॉ. संजय कुमार गुप्ता, ने डॉ. संजीब बैनर्जी के नेतृत्व में एक नई स्मार्ट दवा-वितरण सामग्री विकसित की है। यह तकनीक दवाओं को पेट में सुरक्षित रखते हुए आंत में नियंत्रित तरीके से छोड़ने में सक्षम है। यह



Research Team

नवाचार भविष्य में मौखिक दवाओं को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बना सकता है।

आमतौर पर मुंह से ली जाने वाली कई दवाएं पेट के अत्यधिक अम्लीय वातावरण के कारण अपनी प्रभावशीलता खो देती हैं। पेट का एसिड दवा को उसके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे दवा का असर कम हो जाता है और कई बार अधिक मात्रा में दवा लेने की आवश्यकता पड़ती है।

इस चुनौती का समाधान करने के लिए आईआईटी भिलाई की टीम ने एक स्मार्ट वाहक विकसित किया है, जो दवा के लिए एक सुरक्षात्मक कवच की तरह काम करता है।

यह सामग्री पेट के तेज़ एसिड में स्थिर रहती है और दवा को नुकसान से बचाती है। जब यह आंत तक पहुंचती है, जहां शरीर की स्थिति अलग होती है, तब यह अपने-आप खुलती है और दवा को धीरे-धीरे तथा नियंत्रित तरीके से छोड़ती है।

इस शोध की सबसे खास बात यह है कि यह सामग्री ÷स्मार्ट÷ है। यह शरीर के अंदर होने वाले बदलावों को महसूस कर उसी के अनुसार प्रतिक्रिया दे सकती है।

साथ ही, इसमें एक इनबिल्ट चमक भी मौजूद है, जिससे वैज्ञानिक शरीर के अंदर इसकी गतिविधियों और दवा की गति को ट्रैक कर सकते हैं। इससे भविष्य में दवा वितरण प्रणाली को और बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

प्रयोगशाला और पशु अध्ययनों में यह सामग्री पेट जैसी परिस्थितियों में दवा की सफलतापूर्वक सुरक्षा करने और उसे धीरे-धीरे छोड़ने में सक्षम रही, जिससे दवा का प्रभाव बेहतर होने और दुष्प्रभाव कम होने की संभावना है।

डॉ. संजीब बैनर्जी ने कहा, यह शोध हमें अधिक स्मार्ट और सटीक दवाओं की दिशा में एक कदम आगे ले जाता है। हमारा उद्देश्य ऐसी प्रणालियां विकसित करना है जो दवाओं की सुरक्षा करें, उन्हें सही स्थान पर पहुंचाएं और मरीजों की सुरक्षा व सुविधा को बेहतर बनाएं।÷

यह महत्वपूर्ण शोध अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित जर्नल ACS Applied Materials & Interfaces में प्रकाशित हुआ है, जो स्मार्ट दवा-वितरण तकनीक के भविष्य में इसकी अहम भूमिका को दर्शाता है।

## सुशासन तिहार में नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बांटे गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व

**जामुल।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका जामुल के वार्ड 19 मंगल भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 जून को किया गया। जिसमें 19 एवं 20 वार्ड के आवेदकों द्वारा लगभग 500 आवेदन प्रस्तुत किए गए। आयोजित शिविर में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह का आगमन हुआ। जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रत्येक विभाग के स्टाल में निरीक्षण किया एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म में गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व वितरित किया साथ में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया एवं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, विभिन्न आवेदकों कों लर्निंग लायसेंस एवं पात्र हितग्राही को तत्काल राशन कार्ड का वितरण किया। कार्यक्रम में महेश सिंह राजपूत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नपा अधिकारी रमाकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, अहिल्या वर्मा, कविता विश्वाल, रामप्यारी वर्मा, शांति टंडन, संजय देशलहरा, नोडल अधिकारी सचिन भागवत व विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**बेमेतरा/नवप्रदेश/नवप्रदेश।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत के द्वारा आज सोमवार को कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन के दौरान अपर कलेक्टर जगत ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं मौके पर बुलाकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई मामलों में समस्याओं का समाधान तत्काल मौके पर ही किया गया।

आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का जहां शीघ्र निराकरण किया गया, वहीं गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चलित ट्रायसायकल, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं के आवेदन भी प्राप्त हुए।अपर कलेक्टर श्री जगत ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए तथा नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में पत्रकार व जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

**कोलिहा ( लवन )/नवप्रदेश।** वर्मा सुपर मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लिनिक डिजिटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी परिवार द्वाराआयोजित विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन के उपरांत आयोजक परिवार के मुखिया डॉ हरिकिशन वर्मा डॉ हितेंद्र वर्मा डॉ धीरेंद्र वर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करने वाले लवन क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार कमलेश रजक फागु लाल रात्रे पुनु राम बंजारे, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री विजय यादव जनपद सदस्य शिव वर्मा पूर्व जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ नेता कोमल प्रसाद वर्मा मृत्युंजय वर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि समाजहित में आयोजित चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग एवं जनजागरूकता के कारण बड़ी संख्या में मरीजों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने कहा कि मीडिया समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है, जिसके सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दूर-दराज के लोगों तक पहुंच सकी।

### नशामुक्त भारत अभियान को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समिति के सदस्य एवं सदस्य सचिव उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में संचालित नशामुक्त भारत अभियान की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी विभागों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं के समन्वय से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट, तंबाकू तथा अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशीली दवाइयों की अवैध उपलब्धता और बिक्री की जानकारी एकत्र कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में कोटपा अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराने को कहा।

# 15 दिनों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे करियांटोला गांव के लोग

**■ दो दिनों में समस्या नहीं सुलझी तो होगा घेराव और चक्का जाम**

**■ टिंकु देवांगन के नेतृत्व में नगर पंचायत को सौंपा ज्ञापन**

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** वार्ड क्रमांक 09 करियांटोला में पिछले 15 दिनों से जारी पेयजल संकट को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। युवा कांग्रेस नेता टिंकु देवांगन के नेतृत्व में वार्डवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि करियांटोला में पिछले लगभग 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित है। इसके चलते क्षेत्र के नागरिकों को पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। प्रशासन की उदासीनता के कारण लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे वार्डवासी शोभराय साहू ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से नागरिकों को वंचित रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिनों के भीतर पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वार्डवासी नगर पंचायत कार्यालय का घेराव एवं चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान युवा कांग्रेस नेता टिंकु देवांगन, शोभराय साहू, खेलन साहू, सगम साहू, नवीन साहू, डाकेश साहू, योगेश राम, कोमल राजपूत, गणपत साहू, आनंद मंडलोई, दीपक साहू, शिवचरण निषाद, ढालेंद्र कुमार, दुर्गेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### रिकवरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी को सीईओ ने लिखा पत्र, जांच में हुआ खुलासा

# राजपुर पंचायत में 12 लाख का गबन

**पिथौरा/नवप्रदेश।** शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों की सूरत बदलने और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए भेजे जाने वाले विकास फंड को किस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया जाता है, इसका एक बड़ा मामला जनपद पंचायत पिथौरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राजपुर में सामने आया है। पूर्व सरपंच सफेद बाई और तत्कालीन सचिव उत्तर कुमार प्रधान की मिलीभगत से करीब 12 लाख रुपये की सरकारी राशि का गबन किया गया है। अधिकारियों की जांच में यह साफ हो गया है कि जनता के विकास का पैसा कागजों में समेट कर 'खुद के विकास' में खर्च कर लिया गया।

जांच अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि विकास कार्यों के नाम पर निकाली गई राशि के वैध दस्तावेज और वाउचर (प्रमाणक) ही नदारद है 15 वे मद के तहत कराए गए कार्यों में से 11 महत्वपूर्ण प्रमाणक गायब पाए गए हैं वही गांव की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आई मूलभूत योजना की राशि में भी बड़ा गोलमाल किया गया है। कुल मिलाकर, 15वें वित्त और मूलभूत मद को मिलाकर लगभग 12 लाख रुपये के सार्वजनिक धन का सीधे तौर पर गबन किया गया है, जिसका कोई हिसाब-किताब पंचायत प्रशासन के पास नहीं है। जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसती रही और कागजों पर विकास दिखाकर सरकारी खजाने को चूना लगाया जाता रहा।

**एसडीएम ने नहीं उठाया फोन, दफ्तर में धूल फांक रहीं दर्जनों शिकायतें :** एक ओर जहां जनपद पंचायत ने कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा़ह) को पत्र लिखा हैं, वहीं दूसरी ओर राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।इस पूरे मामले में जब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजरंग वर्मा से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव करना तक मुनासिब नहीं समझा।

बताते चले यह कोई इकलौता मामला नहीं है। सूत्रों की मानें तो अनुविभागीय कार्यालय में पिथौरा ब्लॉक की दर्जनों पंचायतों के भ्रष्टाचार की शिकायतें और जांच रिपोर्ट महीनों से धूल फांक रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों में कार्रवाई करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं!

**शिकायत के बाद खुली भ्रष्टाचार की पोल**

मिली जानकारी के अनुसार, एक जागरूक ग्रामीण ने ग्राम पंचायत राजपुर में बीते 5 वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन में भारी गड़बड़ी की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जब विभागीय अधिकारियों की टीम ने जांच की, तो परत-दर-परत भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल उजागर हुआ।

**जनपद सीईओ ने भेजा रिकवरी का पत्र**

मामले की गंभीरता और वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने के बाद जनपद पंचायत पिथौरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन ने मामला कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकरी को सौप दिया हैं।जनपद सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और गबन की गई करीब 12 लाख रुपये की पूरी राशि की रिकवरी के लिए हमने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को पत्र प्रेषित कर दिया है।

### नशा नाश की जड़ है: विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता का संदेश

**कोलिहा ( लवन)/नवप्रदेश।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्मा सुपर मल्टी-स्पेशियलिटी डेंटल क्लिनिक, पैथोलॉजी एवं एक्स-रे सेंटर द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि ÷नशा नाश की जड़ है÷ और स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों का त्याग आवश्यक है।

कार्यक्रम में डॉ धीरेंद्र वर्मा ( दंत रोग विशेषज्ञ)बताया गया कि तंबाकू का सेवन न केवल दांतों और मसूड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों तथा अन्य कई जानलेवा समस्याओं का कारण भी बनता है। विशेषज्ञों ने कहा कि गुटखा, खैनी, बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देते हैं और व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करते हैं।

क्लिनिक के संचालक डॉ. धीरेंद्र वर्मा (दंतरोग विशेषज्ञ) ने कहा कि तंबाकू छोड़ने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के दांत स्वस्थ रहते हैं, सांस की दुर्गंध दूर होती है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार और आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए नशे से दूरी बनाएं तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

अभियान के दौरान लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा यह समझाया गया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। वक्ताओं ने कहा कि नशे की शुरुआत भले ही छोटी लगती हो, लेकिन इसका अंत अक्सर गंभीर बीमारियों और पारिवारिक समस्याओं के रूप में सामने आता है।

### 7 दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

**धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश।** कुंवरगढ़ के ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री रामायण रामलीला मंडली कांशी बनारस प्रयागराज मिर्जापुर के सुप्रसिद्ध 15 कलाकारों की टीम द्वारा नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा के बाजार चौंक रामलीला मंच पर 7 दिवसीय रामलीला का विशाल आयोजन 31 मई रविवार रात्रि 8 बजे श्रीराम जी की पूजा अर्चना एवं श्रीफल तोड़कर किया गया है । इस मौके पर पूर्व पार्षद हेमीन बाई साहू , दिनेश घनघोरिया सहित नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे है । रामलीला मंडली के संचालक प.शिवसागर , अध्यक्ष रामकुमार चौरसिया ने बताया कि प्रथम दिवस 31 मई रविवार को दशरथ पुत्रयेष्ठी यज्ञ , श्री राम जन्म एवं सोमवार को मुनिआगमन व ताड़का , मारीच , सुबाहु वध का लीला कलाकारों द्वारा दिखाया गया ।वही तीसरे दिवस मंगलवार को श्री सीता स्वयंवर एवं रावण बाणपुर संवाद धनुष यज्ञ , बुधवार को परशुराम , लक्ष्मण संवाद , श्रीराम सीता विवाह एवं टीकावन , गुरुवार को खरदूषण वध , सीता हरण , शुक्रवार को लक्ष्मण शक्ति , राम विलाप एवं अंतिम दिवस 6 जून शनिवार को कुंभकरण वध , मेघनाथ वध , रावण वध एवं श्रीराम राजतिलक का रामलीला दिखाया जाएगा ।

## सीएम साय ने बेमेतरा को दी 105 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**■ अंधड़, तूफान और बारिश के बावजूद नहीं रुकी विकास की रफ्तार**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने एक दिवसीय बेमेतरा प्रवास के दौरान जिले को विकास की बड़ी सौगात देते हुए 105 करोड़ 4 लाख 69 हजार रुपये की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य विकास की रोशनी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।मुख्यमंत्री ने 78 करोड़ 1 लाख 33 हजार रुपये की लागत से बनने वाले 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 27 करोड़ 3 लाख 36 हजार रुपये की लागत से निर्मित 5 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

उल्लेखनीय है कि इन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम मूलतः बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया जाना था, किंतु अचानक आए अंधड़, तेज तूफान एवं बारिश के कारण सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन किया गया। इसके बाद जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने सभी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, जनता के विकास और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अडिग है।

उन्होंने कहा कि आज मौसम की प्रतिकूलता के कारण कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन करना पड़ा, लेकिन विकास कार्यों के शुभारंभ में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण परियोजनाएं नहीं हैं बल्कि आमजन के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम हैं। सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचना चाहिए और सरकार इसी दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव, प्रत्येक किसान, प्रत्येक महिला और प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक विकास का लाभ पहुंचाना है। बेमेतरा जिले के लिए स्वीकृत ये परियोजनाएं आने वाले वर्षों में क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई दिशा देंगी।

# राजस्व अधिकारी प्रकरण पर गरमाई सियासत

**■ कार्रवाई की मांग को लेकर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिक के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर गरियाबंद जिला राजस्व पटवारी संघ ने प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन जारी कर कड़ी नाराजगी जताई है और दोषियों के खिलाफ तत्काल गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पटवारी संघ द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार 27 मई 2026 को उप तहसील राजापुर, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार, अभद्रता और मारपीट की घटना हुई। संघ ने आरोप लगाया है कि इस घटना में क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो तथा उनके समर्थक और सहयोगी शामिल थे।

संघ का कहना है कि एक शासकीय अधिकारी के साथ सार्वजनिक रूप से इस तरह का व्यवहार न केवल सरकारी कर्मचारी की गरिमा पर हमला है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और कानून के शासन को खुली चुनौती देने जैसा भी है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा शासकीय सेवक के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है तो इससे पूरे प्रशासनिक अमले में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा होता है।

राजस्व पटवारी संघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### 105 मतों से विजयी हुई सरोजिनी वर्मा, समर्थकों में खुशी की लहर

**कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत बलौदा बाजार के ग्राम पंचायत कोलिहा में संपन्न हुए पंच पद के उपचुनाव में सरोजिनी वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 105 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी प्रत्याशी के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया तथा समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया।

चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सरोजिनी वर्मा ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे वार्ड एवं ग्रामवासियों के विश्वास और समर्थन की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें चुना है, उस विश्वास को बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।विजय के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक, ग्रामीण एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और नव-निर्वाचित पंच को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान क्षेत्र के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी सरोजिनी वर्मा को आशीर्वाद प्रदान किया।

सरोजिनी वर्मा ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में पेयजल, स्वच्छता, सड़क, नाली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वार्ड के प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।

समर्थकों ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सरोजिनी वर्मा ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया था 105 मतों की निर्णायक जीत के साथ सरोजिनी वर्मा ने पंच पद पर अपना कब्जा जमाया और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। समर्थकों में मुख्य रूप से सुखचंद वर्माकृष्णा वर्मा किरण वर्मा अनूप कुमार सेन वैसाखु वर्मा राकेश कश्यप किशोर वर्मा सुरेश वर्मा हीरेंद्र वर्मा रुद्र शंकर वर्मा लोमस वर्मा रामसनेही वर्मा नानू वर्मा अमित वर्मा शिवनंदन गौरी वर्मा विक्की साहू नरेंद्र साहू जोगेंद्र रुपेश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बैठक: कलेक्टर ने की खाद-बीज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा, किसानों से शीघ्र उठाव की अपील

# बेमेतरा जिले को लक्ष्य के विरुद्ध 137 प्रतिशत सुपर फॉस्फेट खाद मिला

**■ खरीफ सीजन 2026 की तैयारियां तेज**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों के बीच बेमेतरा जिले में किसानों के लिए खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जिले में खाद-बीज के भंडारण, उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध हो सके। जिले में ऋणी कृषकों की संख्या अधिक होने के कारण शासन द्वारा खाद वितरण के लिए 60:40 के स्थान पर 70:30 का अनुपात निर्धारित किया गया है। इसके तहत जिले को प्राप्त होने वाली खाद की 70 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति सहकारी समितियों के माध्यम से की जा रही है। मार्कफेड द्वारा रैक





प्वाइंट से खाद का परिवहन कर किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।

**डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी और एनपीके के उपयोग पर जोर:** समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डीएपी खाद की मांग अधिक होने के बावजूद इसकी उपलब्धता सीमित है। ऐसे में किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं एनपीके खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दें, ताकि किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें।

**सुपर फॉस्फेट और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता**

कृषि विभाग के अनुसार जिले में वर्तमान में 7,584 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 6,264 मीट्रिक टन एनपीके खाद उपलब्ध है। जिले को सुपर फॉस्फेट खाद लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 137 प्रतिशत प्राप्त हुई है, जिससे किसानों को फॉस्फेटयुक्त उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।विशेषज्ञों के अनुसार सिंगल सुपर फॉस्फेट में 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर पाया जाता है, जो फसलों की वृद्धि और उत्पादन के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसलिए किसान डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी अथवा एनपीके का उपयोग कर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

**हरी खाद, नैनो उर्वरक और जैविक विकल्प भी उपलब्ध**

मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से जिले की सहकारी समितियों में 228 क्विंटल हरी खाद (मूंग एवं ढैंचा) का भंडारण किया गया है, जिसे किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समितियों में 2,814 बोतल नैनो डीएपी तथा 3,592 बोतल नैनो यूरिया भी वितरण के लिए उपलब्ध हैं।

**खाद भंडारण और वितरण की स्थिति**

शासन द्वारा जिले के लिए कुल 68,300 मीट्रिक टन खाद भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 46,470 मीट्रिक टन खाद जिले को प्राप्त हो चुकी है, जो लक्ष्य का लगभग 68 प्रतिशत तथा गत वर्ष के कुल वितरण का 71.92 प्रतिशत है। वहीं 26,370 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 38.61 प्रतिशत है। डीएपी खाद के लिए जिले को 16,200 मीट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध अब तक 5,089 मीट्रिक टन डीएपी खाद का भंडारण किया जा चुका है।

# दोस्ती की आड़ में नहीं चलेगी छुरेबाजी, दिया सख्त संदेश

**बिजनौर/ए.।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद के सूर्या चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दोस्ती के नाम पर हिंसा और छुरेबाजी जैसी घटनाएं किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं हैं।

सीएम योगी ने कहा कि गाजियाबाद की यह घटना बेहद दुखद है और इसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने अभिभावकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि यदि माता-पिता अपने बच्चों को सही संस्कार और दिशा देने में असफल रहते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा कानून का सम्मान करने वाले आम नागरिकों के साथ खड़ी है। वहीं, कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले और समाज में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसी आपराधिक घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि सीएम योगी सोमवार को बिजनौर जनपद में अफजलगढ़ क्षेत्र के आलमपुर गांवड़ी गांव पहुंचे। दोपहर करीब 1:55 बजे उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा, जहां बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल के निकट लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विदुर ब्रांड उत्पादों, कृषि एवं उद्यानिकी प्रदर्शनी, ऊर्जा विकास से जुड़े स्टॉलों तथा पुलिस विभाग की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए शरणार्थी परिवारों और पूर्व सैनिक परिवारों से मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान कृषकों और पूर्व सैनिकों को अधिकार पत्र एवं खतौनी का वितरण किया गया। साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। सीएम योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा और करुणा मानवता के आभूषण हैं, लेकिन समाज और राष्ट्र के सामने दुष्ट एवं अपराधी प्रवृत्तियों से सख्ती से निपटना भी आवश्यक है।

# फर्जी खातों की जांच कराएगी बंगाल सरकार, एसआईटी गठित करें डीजीपी

## पुरुषों ने गलत दस्तावेज देकर महिलाओं की आर्थिक सहायता योजना का उठाया फायदा

**कोलकाता/ए.।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं को आर्थिक मदद देने वाली 'लक्ष्मीर भंडार' योजना अब बड़े विवाद में घिर गई है। राज्य सरकार ने दावा किया है कि इस योजना में लाखों फर्जी खाते बनाए गए और सरकारी पैसे का गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ। इसी मामले को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विशेष जांच दल यानी एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि योजना के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई और अब इसकी पूरी जांच कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नबान्न सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि लक्ष्मीर भंडार योजना में करीब 30 लाख खाते फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी हो सकता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कई ऐसे लोगों ने भी इस योजना का लाभ लिया जो इसके पात्र ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए बनाई गई योजना में पुरुषों के नाम पर भी पैसे निकाले गए।

### एसआईटी जांच में किन मामलों पर रहेगा फोकस?

सरकार के अनुसार एसआईटी सिर्फ फर्जी खातों की जांच नहीं करेगी बल्कि यह भी देखा जाएगा कि सरकारी पैसा किन खातों में गया और किस तरह निकाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जरूरत होगी वहां मनी लॉन्ड्रिंग की जांच भी कराई जाएगी। सरकार का मानना है कि कई खातों के जरिए अवैध तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए। जांच एजेंसियां बैंक रिकॉर्ड और दस्तावेजों की भी जांच करेंगी।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जांच में सामने आया है कि कई पुरुषों ने गलत दस्तावेज देकर महिलाओं की आर्थिक सहायता योजना का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। सरकार का आरोप है कि पुराने तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान इस योजना में बड़े स्तर पर लापरवाही हुई। अब सरकार गांव और वार्ड स्तर तक जांच कर फर्जी लाभार्थियों की पहचान करेगी।

### अन्नपूर्णा भंडार योजना के फॉर्म पर क्यों उठ रहे सवाल?

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नई अन्नपूर्णा भंडार योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नई योजना में महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपये तक की मदद दी जाएगी। इस योजना के लिए 12 पन्नों का सत्यापन फॉर्म रखा गया है। विपक्ष इस फॉर्म को लेकर सवाल उठा रहा है, लेकिन सरकार का कहना है कि पिछली योजना में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए सख्त जांच जरूरी है। सरकार का दावा है कि बिना मजबूत जांच के फर्जीवाड़ा नहीं रोका जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जमीनी स्तर पर हर गड़बड़ी को खत्म करेगी। उन्होंने साफकहा कि गलत तरीके से सरकारी पैसे लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सरकार का कहना है कि असली लाभार्थियों तक पैसा पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बुधवार से बड़ी संख्या में महिलाओं को अन्नपूर्णा भंडार योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। लक्ष्मीर भंडार योजना बंगाल की राजनीति में लंबे समय से बड़ा मुद्दा रही है। अब फर्जी खातों और अवैध भुगतान के आरोपों के बाद राज्य की राजनीति और गरमा सकती है। सरकार इस मामले को भ्रष्टाचार और सरकारी पैसे की लूट बता रही है, जबकि विपक्ष इस कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से जोड़ सकता है। आने वाले दिनों में एसआईटी जांच की रिपोर्ट पर पूरे राज्य की नजर रहेगी।

# बिहारी मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ श्रद्धालुओं की बिगड़ गई हालत

**मथुरा/ए.।** वृंदावन में अधिकमास की पूर्णिमा पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर सहित वृंदावन में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि समूची व्यवस्थाएं बिखर गईं। भीड़ में एक महिला व युवक बेहोश हो गए। वहीं अनेक श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही लौट गए। हर तीन वर्ष में आने वाले पुरुषोत्तम मास में दर्शन, पूजन और दान-पुण्य का महत्व है। रविवार की छुट्टी और स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के चलते सुबह से ही मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। आस्था का आलम यह था कि भक्त अपने आराध्य की झलक पाने के लिए भीषण गर्मी के बीच एक किलोमीटर से भी अधिक लंबी कतारों में घंटों इंतजार करते नजर आए। भीड़ के कारण मंदिर को जोड़ने वाली सभी संकरी गलियां और मुख्य रास्ते पूरी तरह चोक नजर आए। गेट संख्या 5 पर हालात इस कदर हो गए कि दूर तक की गलियों में केवल लोगों के सिर दिखाई दे रहे थे। भीड़ के भारी दबाव के चलते कई श्रद्धालुओं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की चीखें निकल गईं। त्रस्त होकर हजारों श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही लौट गए। मंदिर परिसर में बने रेलिंग चक्र के भीतर भीड़ के अत्यधिक दबाव और उमस के कारण एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर पड़ी। महिला के अचेत होते ही परिसर में खलबली मच गई। इस दौरान महिला को उठाने या त्वरित प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए मौके पर कोई स्वास्थ्यकर्मी या प्रशासनिक अधिकारी उपलब्ध नहीं था। परिजन ने किसी तरह भीड़ के बीच ही उसे संभाला और ठंडा पानी पिलाकर होश में लाने का प्रयास किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुमारी चंचल साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू निवासी- 99, अम्बेडकर नगर, कोहका मार्ग, वार्ड नं.-9, सुपेला, भिलाई (छ.ग.). पिन- 490023। यह शपथकर्ता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम कुमारी चंचल साहू को त्याग कर नया नाम चंचल साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम चंचल साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू से ही जाना, पहचाना जावें।

**चंचल साहू पिता श्री लक्ष्मण साहू**
निवासी- 99, अम्बेडकर नगर, कोहका मार्ग, वार्ड नं.-9, सुपेला, भिलाई (छ.ग.), पिन- 490023
**शपथकर्ता**
**चंचल साहू**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपने भाई प्रकाश पिता हगरू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि प्रकाश पिता हगरू की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 02.04.2003 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपने बड़े पिता बोडार पिता चमारराय का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि बोडार पिता चमारराय की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 22.02.1993 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपनी माता शांति बाई पति हगरू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि शांति बाई पति हगरू की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 05.11.2009 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I **KUMARI CHANCHAL SAHU D/o LAXMAN SAHU**, resident of 99, **AMBEDKAR NAGAR, KOHKA ROAD, WARD NO. 9, SUPELA, BHILAI (C.G.)**- 490023, have changed my old name **KUMARI CHANCHAL SAHU**, so in future I should be recognized by my new name that is **CHANCHAL SAHU D/o LAXMAN SAHU** in all government and other documents.

**CHANCHAL SAHU**
**D/o. LAXMAN SAHU**
99, Ambedkar Nagar,
Kohka Road, Ward No. 9,
Supela, Bhilai (C.G.)-
490023.
**Chanchal**
**DEPONENT**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपनी माता फेकन बाई पति हगरू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि फेकन बाई पति हगरू की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 05.10.1990 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपने पिता हगरू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि हगरू पिता चमारराय की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 03.03.1992 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम नारधी प.ह.न. 06 / ब-121
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू निवासी नारधी प.ह.न. 06 तहसील बेरला उपतहसील देवरबीजा के द्वारा अपने चाचा गुहा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश किया है। कि गुहा पिता चमारराय की मृत्यु ग्राम नारधी प.ह.न. 06 में दिनांक 25/12/1997 को हुआ है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2025/26 विचारधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.06.2026 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25.05.2026 को जारी किया गया ।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**देवरबीजा**

---

## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती धनेश्वरी साहू पिता/पति कोमल सिंह साहू निवासी बेलौदी दुर्ग (ढौर) तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपनी माता बेनकुमारी उर्फ भेनकुमारी पति दीपक साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 25.02.2026 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**

---

## नाम-परिवर्तन

मैं, हेमलाल साहू पिता गुहा राम साहू उम्र- 43 वर्ष, निवासी-बाबा गुड़ी चौक, कुरूद, जामुल, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपनी नाबालिक सुपुत्री का नाम फलप्रदा साहू (FALPRADA SAHU) पिता हेमलाल साहू से बदलकर फलक साहू (FALAK SAHU) पिता हेमलाल साहू रख लिया है ।

**शपथकर्ता**
**हेमलाल साहू**
**पिता गुहा राम साहू**
**निवासी-बाबा गुड़ी चौक, कुरूद, जामुल, भिलाई**
**तहसील व जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**

---

## वाद के निपटारे के लिए समन

(सिविल प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम1 और 5 )

व्यवहार वाद क्रमांक 104अ/26 सन् 2026

**अदालत श्रीमान द्वितीय व्यवहार कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग छ.ग.**

**आवेदक-** श्रीमती अनुराधा साहू

**अनावेदक -** गुलची बेवा बल्देव देवार वगै.

**बनाम -** गुलची बेवा बल्देव देवार साकिन वार्ड क्रं. 15 सिकोला तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

श्रीमती अनुराधा साहू ने आपके खिलाफ घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया हैं। आपको इस न्यायालय में तारीख 24.06.2026 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता हैं। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीटर द्वारा उपसंजात व्हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया हैं, वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन हैं, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता हैं, कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निवटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर
**न्यायाधीश कु. ईशानी अवषिया**
**द्वितीय व्यवहार कनिष्ठ श्रेणी**
**दुर्ग (छ.ग.)**

---

## नाम-परिवर्तन

मैं सुनील देवांगन (SUNIL DEWANGAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) गांव/शहर 286/9/5, पम्प हाउस रोड, आर्य नगर कोहका, पोस्ट-सुपेला तहसील व जिला दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग, पिन नं. 490023, छत्तीसगढ़ ने अपने पुत्री-अनन्या देवांगन (ANANYA DEWANGAN) जन्मतिथि: 19/07/2014, के स्कूल रिकार्ड, दाखिला पंजी, अंकसूची में अपना नाम सुनील देवांगन (SUNIL DEWANGAN) (पुराना नाम) से बदलकर सुनील कुमार देवांगन (SUNIL KUMAR DEWANGAN) (नया नाम) रख लिया है।

**शपथकर्ता**
**सुनील देवांगन**
**गांव/शहर 286/9/5,**
**पम्प हाउस रोड, आर्य नगर**
**कोहका, पोस्ट-सुपेला**
**तहसील व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
Email ID - rmczone10@gmail.com

**ईश्तहार**

नामांतरण प्र.क्र. **31446** दिनांक **01.06.2026**
वार्ड का नाम- **50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446K0541A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MUKESH PRASAD TIWARI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SHANKAR PRASAD TIWARI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NEHA TIWARI** पिता /पति श्री/श्रीमती **D/O MUKESH PRASAD TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492006
मेल: ceordaryp@gmail.com, www.rdaraipur.com
फोन-(0771) 2536188, 2536788 फैक्स -2534688

- उद्घोषणा -

क्र. 4188 / आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर, दिनांक 21.05.26

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत **श्री इन्द्र कुमार डोडानी पिता श्री घनश्याम दास डोडानी** द्वारा भूखण्ड/मकान क्रमांक **डी-242/4** (कार्नर) क्षेत्रफल **1875 वर्गफुट** फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक **14.06.2024** को क्रेता **श्री संजय डोडानी पिता श्री घनश्याम दास डोडानी** पता - **डी 232 सेक्टर 04**, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता **श्री संजय डोडानी पिता श्री घनश्याम दास डोडानी** द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अतः उक्त भूखण्ड/मकान के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .......को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर (छ.ग.)**

---

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

**क्र./ डॉ.भी.अ.चि. / क्रय/2026/7709** **रायपुर दिनांक 29/05/2026**

**"निविदा निरस्तीकरण सूचना"**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के परिसर में सायकल / स्कूटर एवं दो पहिया वाहन स्टैण्ड के संचालन हेतु आमंत्रित निविदा क्रमांक डॉभीअचिकि/क्रय /2025/2318 दिनांक 17.02.2026 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी - 252606805/4

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

**जी-262701103/2**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel. No. 07727-223138 E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक /2542 /रा.वि/न.पा./2025-26 बलौदाबाजार, दिनांक. 05/02/26

**- भवन / भूमि दावा आपत्ति -**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय सीमाक्षेत्र के वार्ड क्र. 20 स्थित भवन/भूमि खसरा न. 150/11 क्षेत्रफल 0.0160 हे. जो कि नगर पालिका परिषद के मांग पंजी मे श्री सोहनलाल यादव पिता श्री किरीतराम यादव के नाम से दर्ज हैं। जिसको श्री अखिलेश कुमार यादव पिता स्व. सोहनलाल यादव सा. बलौदाबाजार छ.ग. ने मृत उपरांत अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया हैं।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगरपालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत् संबंध में अधोः हस्ताक्षर कर्ता द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है, प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**

---

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.202605100700123
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अनिल कुमार यादव पिता स्व. अभय राम अहीर निवासी लुचकीपारा वार्ड नं.-07. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1034/16 का टुकड़ा रकबा 0.002 है./255 वर्गफीट भूमि को आवेदक के पिता अभयराम अहीर पिता जोहन राम के द्वारा विकेता नन्दुराम साहू, छोटेलाल दोनों पिता चुनूराम, श्रीमती जानकी बाई पति दुकालूराम निवासी लुचकीपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत बैनामा दिनांक 11/12/2001 को कय किया गया है। किन्तु आवेदक के पिता द्वारा आवेदित भूमि का नामांतरण भूलवश नहीं कराया गया, तथा आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 02/11/2017 को हो जाने पर आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रमाणीकरण करते हुये पिता की मृत्यु हो जाने पर उसके सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

---

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900229

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी समारु पिता/पति तुलाराम पता कंडरापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 554/54(0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सतरुपा साहू पिता/पति स्व. समारु साहू पता शिवपारा चंडी तालाब पार दुर्ग, मीना साहू पिता/पति स्व. समारु साहू पता शिवपारा चंडी तालाब पार दुर्ग, राजू कमल पिता/पति स्व. समारु साहू पता शिवपारा चंडी तालाब पार दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

---

## न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202605104000064
/अ-06/वर्ष 2025-26
मौजा मेड़ेसरा, प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप शर्मा पिता के.एम. शर्मा निवासी वार्ड नं. 10, काली बाड़ी मंदिर के पास वैशाली नगर सुपेला भिलाई तहसील व, जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि ग्राम मेड़ेसरा प.ह.नं. 07 रा. नि. म. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख. नं 339/1, 339/2 रकबा 0.82, 0.82 हे. भूधारक / भूमिस्वामी श्वेता राजेश पी पति राजेश पी के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि को भूधारक अपने जीवनकाल में अपने भाई श्री प्रदीप शर्मा पिता श्री के.एस.शर्मा को अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 10.11.2023 के आधार पर आवेदक /वसीयतप्राप्तकर्ता के पक्ष मे निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि के भूधारक श्रीमती श्वेता राजेश पी ध.प. राजेश पी की मृत्यु दिनांक 12.04.2024 को हो जाने से अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता/भूधारक का नाम विलोपित कर आवेदक / वसीयतप्राप्तकर्ता के नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ अपंजीकृत वसीयतनामा, खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है। प्रश्नाधीन वसीयतनामा विवादित प्रवृत्ति होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत विधिवत विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है। अतएव प्रकरण ई-कोर्ट (राजस्व न्यायालय) में विधिवत सुनवाई हेतु हस्तांतरित किया जाता है। अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत आपत्तियाँ रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 15.06.2026 को इस न्यायालय में स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियों निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
**तहसीलदार**
**अहिवारा जिला दुर्ग(छ.ग.)**

---

## नाम-परिवर्तन

मैं लता शेखर गुन्दुर (LATA SHEKHAR GUNTUR) पति गुन्दुर शेखर (GUNTUR SHEKHAR) निवासी क्वाटर नं.-4/सी, सड़क-2, शक्ति गैस एजेन्सी के पीछे, सेक्टर-4, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का नाम जी. तनुश्री (G. TANUSHREE) (पुराना नाम) से बदलकर तनुश्री शेखर गुन्दुर (TANUSHREE SHEKHAR GUNTUR) (नया नाम) रख लिया है।

**शपथकर्ती**
**लता शेखर गुन्दुर पति गुन्दुर शेखर**
**निवासी क्वाटर नं.-4/सी,**
**सड़क-2, शक्ति गैस एजेन्सी**
**के पीछे, सेक्टर-4, भिलाई**
**तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

## नाम-परिवर्तन

मैं लता शेखर गुन्दुर (LATA SHEKHAR GUNTUR) पति गुन्दुर शेखर (GUNTUR SHEKHAR) निवासी क्वाटर नं.-4/सी, सड़क-2, शक्ति गैस एजेन्सी के पीछे, सेक्टर-4, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम जी. हर्षवर्धन (G. HARSHVARDHAN) (पुराना नाम) से बदलकर गुन्दुर हर्षवधन (GUNTUR HARSHVARDHAN) (नया नाम) रख लिया है।

**शपथकर्ती**
**लता शेखर गुन्दुर पति गुन्दुर शेखर**
**निवासी क्वाटर नं.-4/सी,**
**सड़क-2, शक्ति गैस एजेन्सी**
**के पीछे, सेक्टर-4, भिलाई**
**तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन संयुक्त सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
--: **सार्वजनिक सूचना** ::--

क्रमांक / 665 / भू-अर्जन / आ0क्र0नि0-2026 दुर्ग, दिनांक 26/05/2026

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की सांतरा जलाशय योजना के डुबान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांतरा प.ह.नं. 20, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की आपसी सहमति से क्रय नीति 2016 के प्रावधानों के तहत अनुसूची में वर्णित भूमि को कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में क्रय करने का विचार किया जा रहा है।

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम व पिता/ पति का नाम | क्रय की जाने वाली भूमि का विवरण | | स्थावर परिसंपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | खसरा नंबर | रकबा (हे. में.) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | तुलसीबाई पति स्व. बेदराम | 1160 | 0.6900 | - |
| | योग- | 1 | 0.6900 | |

02-यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति आधार सहित लिखित में कलेक्टर, दुर्ग के समक्ष स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

**(अभिजीत सिंह)**
**कलेक्टर, जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**एवं पदेन विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन**
**राजस्व एवं आपद प्रबंधन विभाग**

**जी- 262701087/3**

## न्यूज गैलरी

### कसडोल में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश

**कसडोल/नवप्रदेश।** कसडोल में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कसडोल क़ी शाखा द्वारा बस स्टैंड कसडोल में नशा मुक्ति के प्रति कसडोल के आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई है इस अवसर पर कसडोल थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज ने दीप प्रजवलित कर प्रदर्शनी उद्घाटन किया साथ ही उन्होंने कहा कि नशा वास्तव समाज को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है उन्होंने ने अपील क़ी है कि नशा नहीं करें। बहन बी के सीता ने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाना है उसके पहले हमे खुद को नशा से मुक्त होना है सिर्फएक नहीं किसी चीज का लत लग जाना नशा है इन सभी नशा को छोड़ना है।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, 9 हजार रुपए का अवैध महुआ शराब जब्त

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा

लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है।इसी कड़ी में रविवार को 9 हजार रुपए का अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग द्वारा आरोपिया मंजू जांगडे पति कैलाश उम्र 33 वर्ष पता सतनामी पारा कसडोल थाना कसडोल के कब्जे से 45 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 9,000 रुपए होना पाया गया।आरोपिया मंजू जांगड़े पति कैलाश उम्र 33 वर्ष पता सतनामी पारा कसडोल थाना कसडोल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जलेश कुमार सिंह नगर सैनिक कमल वर्मा, दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम टेवारी निवासी 33 वर्षीय मंशाराम की 12 सितम्बर 2025 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन खेमीन बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 4 जून को, 3 हजार से अधिक अभ्यार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 4 जून 2026 को प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिये जिले में 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 3168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा एक पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 :15बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को प्रातः 9:30 बजे से पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचना अनिवार्य है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने परीक्षा आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय डी.के.कॉलेज बलौदाबाजार केन्द्र में 360 अभ्यर्थी, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 360, पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में 360,पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हाई स्कूल में 240,एमडीव्ही बलौदाबाजार में 240,पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन में 360, शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 300,शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी में 180,अहिल्या इंटरनेशनल सस्कूल में 360,शासकीय ज़ीएनए महाविद्यालय भाटापारा में 309 एवं शासकीय बहु उद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा में 108 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर्स यशवंत साहू व इस्माइल खान को दी गई भावपूर्ण विदाई

**नगरी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत वन परिक्षेत्र सांकरा में पदस्थ डिप्टी रेंजर्स यशवंत साहू एवं इस्माइल खान के 31 मई 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों की दीर्घकालीन, निष्ठापूर्ण एवं उत्कृष्ट सेवाओं को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह में उपस्थित छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, समर्पण एवं अनुशासन के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं कार्यशैली से विभाग को निरंतर लाभ मिला है। उनका सरल, सौम्य और सहयोगी व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

# स्वाभिमान का महापर्व बना विद्यार्थी-महिला सम्मेलन, पाल समाज ने दिखाई एकजुटता

**धरसींवा/कूंरा/नवप्रदेश।** रविवार का दिन पाल समाज के इतिहास में सुनहरे अक्षरों से दर्ज हो गया। मौका था लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती का। देसहा गड़रिया पाल समाज भवन परिसर जब इन्द्रधनुषी सतरंगी छ्टा से सराबोर हुआ तो लगा पूरा गड़रिया समाज एक मंच पर उतर आया है।

बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा से शुरू हुआ कारवां जब मंच तक पहुंचा तो पूरा पंडाल एक स्वर में गरज उठा- 'जय गड़रिया, जय अहिल्या'। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं हर

जुबान पर एक ही नारा, हर मुट्ठी हवा में तनी हुई। अहिल्याबाई की रूप में सजी बालिका को देख लगा मानो देवी अहिल्याबाई खुद आशीर्वाद देने उतर आई हों। देखते ही देखते पंडाल लोक-संस्कृति के सात रंगों में नहा गया। इस दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए उपस्थित समाजजन ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में सर्व गड़रिया समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय हंसा, डॉ. तेजराम पाल, गोविंद धनगर, जनपद अध्यक्ष दौलत राम पाल, पार्षद लीलाधर पाल, जनपद सदस्य देवेन्द्र पाल, समाज के अध्यक्ष रामाधीन पाल, सचिव राजू पाल, कोषाध्यक्ष हेमंत पाल, तुलाराम पाल, कुलभूषण पाल, यशवंत राव पाल, पूर्णेन्द्र पाल, दानी पाल, अरविंद पाल, महेश पाल, दीनबंधु पाल, तेजराम पाल, ओमप्रकाश पाल, मिलन पाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंदु पाल, रूपा पाल, भारती पाल, करूणा पाल, महेश्वरी पाल, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी विकास पाल, सोहन पाल, सभी केन्द्रीय पदाधिकारी, सभी पार प्रमुख सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि केशव पाल ने किया।

**नन्हे कदमों ने मचाया धमाल**

सर्वप्रथम गायत्री परिवार से जुड़े सांस्कृतिक कलाकारों ने सुमधुर भजनों से संगीतमय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। तदुपरांत समाज के कलाकारों ने भी इस दौरान संगीयमय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। एक ओर भजनों ने पंडाल को मंदिर बना दिया। वहीं नन्हे-मुन्ने जब नटखट अंदाज में थिरके तो हर गोद में बैठा बच्चा मंच पर पहुंच जाने मचल उठा। खेती, तीज-त्योहार, पारंपरिक और अनुष्ठान को जीते-जागते नृत्यों ने ऐसा माहौल बना दिया कि दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। सुआ नृत्य में बेटियों की लहराती कतार ने मानो सावन की घटा याद दिला दी। करमा-ददरिया की हुंकार ने रगो में बिजली दौड़ा दी।

डीजीपी ने किया शुभारंभ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क पुस्तकालय और बुक बैंक की सुविधा

# धमतरी पुलिस की ऐतिहासिक पहल, 'पुलिस की पाठशाला' बनेगी युवाओं के सपनों की उड़ान

**धमतरी/नवप्रदेश।** जिले में शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली एक ऐतिहासिक पहल के तहत धमतरी पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग एवं सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत 'पुलिस की पाठशाला' (निःशुल्क पुस्तकालय एवं बुक बैंक) का शुभारंभ किया है। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार करने में मदद करेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय का अवलोकन करते हुए कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि ÷पुलिस की पाठशाला केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला ज्ञान का केंद्र है। ऐसी पहल प्रदेश के प्रत्येक जिले में शुरू होनी चाहिए।

इसके अलावा विद्यार्थियों को इंटरव्यू गाइडेंस, व्यक्तित्व विकास,

**युवाओं के सपनों का लॉन्च पैड बनेगी पाठशाला**

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने कहा कि धमतरी पुलिस की टैगलाइन 'जन सेवा ज़ सुरक्षा ज़ विश्वास' को सार्थक करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, रक्षा सेवाएं, व्यापम, शिक्षक भर्ती, पटवारी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें और अध्ययन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

स्पोकन इंग्लिश, डिक्शनरी, रेफरेंस बुक्स और मोटिवेशनल साहित्य जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

**पुस्तकों को बनाएं अपना सबसे अच्छा मित्र: कलेक्टर**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं को पुस्तकों से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि ज्ञान ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि जो युवा पुस्तकों को अपना मित्र बनाते हैं, वे जीवन में निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं।

**समाज ने बढ़ाया सहयोग का हाथ**

'पुलिस की पाठशाला' को सफल बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में पुस्तकें दान कीं। रेडक्रॉस सोसायटी, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स, यूथ हॉस्टल, शिक्षक संघ, पुलिस पेंशनर संघ सहित अनेक संस्थाओं ने इस पहल की सराहना की।

**सहयोगकर्ताओं का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय स्थापना में विशेष योगदान देने वाले समाजसेवियों, संस्थाओं एवं अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**बड़ी संख्या में रहे मौजूद**

कार्यक्रम में डीजीपी अरुण देव गौतम, आईपीएस ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की प्रमुख ज्योति गौतम, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस का संकल्प है कि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। इसी उद्देश्य के साथ शुरू की गई 'पुलिस की पाठशाला' आने वाले समय में जिले के हजारों युवाओं के लिए ज्ञान, मार्गदर्शन और सफलता का केंद्र बनेगी।

# खेत को कांटा तार से घेरा करने व पुरानी रंजिश को लेकर हत्या, 2 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रार्थी अमरकांत पिता विद्यासागर नवरंग उम्र 40 वर्ष, निवासी मुरकुटा थाना नवागढ जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मुरकुटा से ग्राम साल्हेघोरी रास्ता में इनके और गेंदलाल नवरंग का खेत आपस में लगा हुआ है, जिसपर दोनो के मध्य पानी व तार घेरा की बात पर विवाद था। आज दिनांक 01.06.2026 के सुबह करीबन 06.30 बजे उक्त बातो को लेकर रंजिशवश गेंदलाल नवरंग एवं उसके लड़का शशीकांत नवरंग उर्फ सुशील के द्वारा अपने घर के सामने गली में पिता विद्यासागर नवरंग उम्र 57 वर्ष, निवासी मुरकुटा को डंडा से उसके सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सा में प्राणघातक वार कर हत्या कर दिया है कि कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ में अपराध सदर धारा 103(1), 3(5) ब्रहस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारी एफएसएल युनिट टीम के सहयोग से घटना स्थल निरीक्षण एवं शव पंचनामा कार्यवाही किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी गेंद लाल नवरंग से घटना के संबंध में पुछताछ करने पर पता चला की इन दोनों का खेत आपस में ग्राम मुरकुटा से ग्राम साल्हेघोरी रास्ता में लगा हुआ है, विद्यासागर नवरंग अपने खेत को कांटा तार से घेर दिया। जिससे इनको अपने खेत आने-जाने में परेशानी हो रहा था खेत को कांटा तार से घेरा करने के कारण एवं पुरानी रंजिश वश आज विद्यासागर नवरंग को अकेला देखकर डंडा से सिर को जोर से मारकर गंभीर चोट पहुचाकर हत्या करना। इस दौरान इनका लडका शशीकांत ऊर्फ सुशील नवरंग मौके पर साथ होना बताया। आरोपी गेंदलाल नवरंग उम्र 67 वर्ष, निवासी मुरकुटा व शशीकांत ऊर्फ सुशील नवरंग उम्र 42 वर्ष, निवासी मुरकुटा थाना नवागढ जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में टीआई नवागढ भुनेश्वर यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव सहित टीम की भूमिका रही।

## पेज 1 का शेष...

**गांव पहुंची डिजिटल सरकार...**

में सहायता मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से खेती-किसानी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत मिली है। इसी प्रकार श्रीमती सुमति मानिकपुरी, श्रीमती अमिल मानिकपुरी तथा श्रीमती पचमती बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बनाया है और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहारा दिया है। वृद्धावस्था पेंशन और महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर रही श्रीमती वेंकटरमणा जंगम ने भी योजनाओं की नियमित उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनसे चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक गरीब, किसान और महिला तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**'गांव के द्वार, डिजिटल सरकार' का साकार हो रहा संकल्प:** ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में संचालित 'सेवा सेतु' अभियान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक त्वरित, सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर अनेक शासकीय, वित्तीय और डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे सुशासन की अवधारणा जमीनी स्तर पर साकार होती दिखाई दे रही है।

**हर माह 15 से 20 लाख रुपये का डिजिटल लेन-देन, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा:** अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में 'सेवा सेतु मैनेजर' के रूप में कार्यरत श्री संजय मिश्रा ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 15 से 20 लाख रुपये का डिजिटल ट्रांजेक्शन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पहल ने न केवल ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं, जिससे युवाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

**गजब है साहब... स्कूल खाली...**

सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण उपलब्ध कराया जाए, जिन्हें अटैचमेंट समाप्त करने के आदेशों के बाद भी विभिन्न विभागों में कार्यरत रखा गया है। इस निर्देश के बाद जिला शिक्षा विभागों से जानकारी जुटाई गई, लेकिन महासमुंद जिले से भेजी गई सूची को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मामले का सबसे विवादास्पद पहलू यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा भेजी गई सूची में नवकीरण अकादमी और लाइब्रेरी में वर्षों से अटैच होकर कार्यरत शिक्षकों का उल्लेख ही नहीं किया गया। इसे लेकर विभाग की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ शिक्षकों को राजनीतिक संरक्षण और प्रभाव के कारण वर्षों से गैर-शैक्षणिक कार्यों में बनाए रखा गया है। यही वजह है कि विधानसभा के लिए तैयार की गई सूची में उनके नाम शामिल नहीं किए गए। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि विधानसभा को अधूरी जानकारी भेजने का गंभीर मामला भी बन सकता है।

**अमेरिका ने ईरान की...**

वहीं, 'ईरान इंटरनेशनल' की रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता पर अब पूरी तरह आईआरजीसी के कमांडरों का कंट्रोल है। ब्यूफोर्ट किले पर इजराइल का कब्जाः इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया। यह पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है। इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांगः फ्रांस ने लेबनान में इजराइल की बढ़ती सैन्य कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है।

ट्रम्प बोले- ईरानी सेना के खिलाफ सख्त एक्शन नहींः ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने ईरानी सेना पर उतनी सख्त कार्रवाई नहीं की, जितनी वह दूसरे देशों की सेनाओं के खिलाफकरता रहा है।

**विकसित देशों से व्यापार...**

को गति देने में भी सहायक होगा। लेख के अनुसार, समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाकर साझा आर्थिक समृद्धि को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है।

**बंगाल में अधिकारी कैबिनेट...**

इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी। इससे पहले 11 मई को सीएम शुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कियाा था।

**नीट री-एग्जाम पेन-पेपर...**

सीबीटी मोड में कराने की मांग की। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

**जगदलपुर-बस्तर में डेढ़...**

पर अन्य राज्यों में मानसून के आगे बढ़ने का अनुमान लगाया जाता है। बस्तर संभाग में भी मौसम में बदलाव के संकेत दिखाई देने लगे हैं और आगामी दिनों में प्री-मानसून बारिश बढ़ सकती है।

केरल के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार कुछ स्थानों पर कम समय में 11 से 20 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है, जिससे शहरी क्षेत्रों में जलभराव और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की अपील की है।

जगदलपुर-बस्तर में कब तक पहुंचेगा मानसून?

मौसम के सामान्य पैटर्न के अनुसार केरल में मानसून की एंट्री के लगभग 8 से 12 दिन बाद इसका असर छत्तीसगढ़ और बस्तर क्षेत्र में दिखाई देने लगता है। यदि मानसून सामान्य रफ्तार से आगे बढ़ा तो जून के दूसरे सप्ताह से मध्य सप्ताह के बीच जगदलपुर-बस्तर में अच्छी बारिश की शुरुआत हो सकती है। हालांकि इसकी वास्तविक गति समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की दिशा पर निर्भर करेगी।

**बर्खास्तगी के बाद बरी...**

बिजली कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी की याचिका खारिज करते हुए दिया।

याचिकाकर्ता को सहायक श्रेणी-1 (सिविल) के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में उसे पदोन्नति देकर पर्यवेक्षक (सिविल) बनाया गया। इसी दौरान उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत आपराधिक मामला दर्ज हुआ। सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया। इसके बाद बिजली कंपनी के सक्षम अधिकारी ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया। छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ता की बर्खास्तगी उस समय प्रभावी और वैध दोषसिद्धि के आधार पर की गई थी। इसलिए बाद में अपील में बरी होने से पहले से लागू कानूनी परिणाम स्वतः समाप्त नहीं हो जाते। डिवीजन बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी कर्मचारी को आपराधिक दोषसिद्धि के आधार पर सेवा से हटाया गया हो, तो बाद में बरी होने की स्थिति में वह बकाया वेतन पर अधिकार नहीं जता सकता।

**नाम-परिवर्तन**

मैं वेदवती निषाद पुराना नाम जिसे बदला जाना है पिता/पति रमेश कुमार निषाद निवास ग्राम तरकोरी तहसील धमधा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम वेदवती निषाद पुराना नाम से बदलकर वेदबती निषाद नया नाम रख लिया है।

शपथकर्ती
वेदवती निषाद
पिता/पति रमेश कुमार निषाद
निवास तरकोरी तहसील
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं रमेश कुमार निषाद माता/पालक बेदबती निषाद निवास ग्राम तरकोरी तहसील धमधा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपने सुपुत्र/सुपुत्री का नाम बेदबती निषाद पुराना नाम से बदलकर बेदबती निषाद नया नाम रख लिया है।

शपथकर्ता
रमेश कुमार निषाद
माता/पालक बेदबती निषाद
निवास तरकोड़ी तहसील
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं मधु बाई (MADHU BAI) पति प्रेमदास (PREMDAS) उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम माहुद (बी), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम मंगनीन पिता धिराजी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) जिसे बदल कर मधु बाई (MADHU BAI) पति प्रेमदास (PREMDAS) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
मधु बाई पति प्रेमदास
निवासी ग्राम माहुद (बी),
तहसील गुण्डरदेही,
जिला बालोद (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं पूर्णिमा बाई (PURNIMA BAI) पति धर्मेन्द्र कुमार (DHARMENDRA KUMAR) उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम बोदल, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम अमरौतिन पिता धिराजी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) जिसे बदल कर पूर्णिमा बाई (PURNIMA BAI) पति धर्मेन्द्र कुमार (DHARMENDRA KUMAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
पूर्णिमा बाई पति धर्मेन्द्र कुमार
निवासी ग्राम बोदल, तहसील
गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं अंजू देवी (ANJU DEVI) पति अजय साव (AJAY SAO) उम्र 48 वर्ष, निवासी मकान नं. 32, मोती लाल चौक, वार्ड नं. 6, पांच रास्ता, सुपेला भिलाई, तह. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक अंजू देवी (ANJU DEVI) पति अजय साव (AJAY SAO) ने अपना नाम बदल कर अंजू साव (ANJU SAW) पति अजय साव (AJAY SAW) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
अंजू देवी पति अजय साव
निवासी मकान नं. 32,
मोती लाल चौक, वार्ड नं. 6,
पांच रास्ता, सुपेला भिलाई,
तह. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं सुमित्रा साहू (SUMITRA SAHU) पति दिलीप कुमार साहू (DILIP KUMAR SAHU) उम्र 52 वर्ष, निवासी राजीव नगर वार्ड नं. 02 दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम सुमरन पिता धिराजी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) जिसे बदल कर सुमित्रा साहू (SUMITRA SAHU) पति दिलीप कुमार साहू (DILIP KUMAR SAHU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
सुमित्रा साहू
पति दिलीप कुमार साहू
निवासी राजीव नगर वार्ड 02 दुर्ग,
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202604100800007
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम करेली, प.ह.न. 13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक बिसराम साहू पिता स्व. साधूराम वगै., निवासी करेली, तहसील धमधा, लि-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम करेली, प.ह.नं. 13 स्थित भूमि खसरा नंबर 306/3, 538/2, 824/2 रकबा क्रमशः 0.40, 0.02, 0.08 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.50 हे. भूमि साधूराम पिता मनीराम वगै. के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है जो कि आवेदक के पिता खातेदार साधूराम पिता मनीराम की दिनांक 26.12.2025 को मृत्यु हो गया है, जिसके वारिसान पुत्र 1. बिसराम साहू पिता स्व. साधूराम, 2. विश्वनाथ पिता स्व. साधूराम, 3. देवीलाल पिता स्व. साधूराम, व पुत्री 1. नेमकी बाई साहू पिता स्व. साधूराम, 2. सतवंतीन बाई साहू पिता स्व. साधूराम, एवं पत्नी श्रीमती उर्मीला बाई पति स्व. साधूराम को होना लेख किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ खाते की नकल व अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि पर से मृतक/खातेदार स्व. साधूराम पिता मनीराम का नाम को विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज तथा शेष खातेदारों का नाम यथावत रखें जानें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 12.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900224

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी राम कैलाश पिता/पति गिरधारीलाल तिवारी पता दुर्ग, चेतन कुमार पिता/पति रामकैलाश तिवारी पता दुर्ग, उत्तम कुमार पिता/पति रामकैलाश पता-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 732/4(0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उत्तम कुमार पिता/पति रामकैलाश पता दुर्ग, शिशिर कुमार तिवारी पिता/पति स्व रामकैलाश तिवारी पता-गिरधारी कुंज गया नगर शिव नगर दुर्ग, नूतन कुमार तिवारी पिता/ पति स्व रामकैलाश तिवारी पता-गिरधारी कुंज गया नगर शिव नगर दुर्ग, श्रीमती कविता शर्मा पिता/पति-मनोज शर्मा पता कृष्णा अपार्टमेंट चंगोराभाठा रायपुर, चेतन कुमार पिता/पति-रामकैलाश तिवारी पता दुर्ग, शरद कुमार तिवारी पिता/पति-स्व रामकैलाश तिवारी पता-गिरधारी कुंज गयानगर शिव नगर दुर्ग, श्रीमती कमला तिवारी पिता/पति स्व रामकैलाश तिवारी पता-गिरधारी कुंज गया नगर शिव नगर दुर्ग, श्रीमती वंदना तिवारी पिता/पति-रमन तिवारी पता म.नं. 0117 ब्राम्हणपारा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

# वीर जवानों के सम्मान के लिए अबूझमाड़ के दुर्गम जंगलों में पहुंचे डॉ. प्रेमा साई महाराज

**नारायणपुर/नवप्रदेश।** देश के सबसे दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल अबूझमाड़ में उस समय एक भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब आध्यात्मिक संत एवं समाजसेवी डॉ. प्रेमा साई महाराज ओरछा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर आगे स्थित एडजूम और आदेर-सिओबी क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने वहां तैनात आईटीबीपी के वीर जवानों का सम्मान कर उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

**कभी था माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना:** एडजूम और आदेर-सिओबी वही क्षेत्र है जिसे वर्षों तक माओवादियों की सेंट्रल कमेटी का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा। सुरक्षा बलों की सफल कार्रवाई के बाद यही इलाका उस समय राष्ट्रीय सुर्खियों में आया था जब कुख्यात माओवादी नेता बसवा राजू सहित कई बड़े नक्सली मारे गए थे। जिस धरती पर कभी आतंक और हिंसा का साया था, वहीं आज जवानों के सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश गूंजता दिखाई दिया।

**दुर्गम रास्तों को पार कर पहुंचा कृतज्ञता का संदेश:** घने जंगलों, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों और कठिन मार्गों को पार करते हुए डॉ. प्रेमा साई महाराज सुरक्षा बलों के कैंप तक पहुंचे। उन्होंने जवानों से आत्मीय संवाद किया और देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सीमाओं से लेकर जंगलों तक राष्ट्र की रक्षा में जुटे जवान भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

**शौर्य और बलिदान को किया प्रणाम:** जवानों का सम्मान करते हुए डॉ. प्रेमा साई महाराज ने कहा कि कठिनतम परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा के लिए डटे रहना असाधारण साहस का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों के त्याग और समर्पण के कारण ही देश के करोड़ों नागरिक सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। समाज को भी ऐसे वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।

**बदलते अबूझमाड़ की नई तस्वीर:** एक समय जहां बंदूक और बारूद की आवाजें सुनाई देती थीं, वहां अब विकास, विश्वास और सुरक्षा का वातावरण दिखाई दे रहा है। सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों और उनकी बहादुरी ने इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. प्रेमा साई महाराज का यह दौरा इसी सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनकर सामने आया है।

**राष्ट्रभक्ति और प्रेरणा का बना ऐतिहासिक क्षण:** आईटीबीपी जवानों के सम्मान का यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि उन वीर जवानों के प्रति समाज की कृतज्ञता का सार्वजनिक सम्मान था, जो अपने परिवारों से दूर रहकर राष्ट्र की सुरक्षा में दिन-रात समर्पित हैं। इस अवसर ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की भावना से प्रेरित किया।

**अबूझमाड़ से निकला नया संदेश:** कभी माओवादी गतिविधियों के कारण चर्चित रहने वाला अबूझमाड़ आज परिवर्तन, विकास और विश्वास की नई कहानी लिख रहा है। डॉ. प्रेमा साई महाराज की यह यात्रा इस बात का प्रतीक है कि जहां कभी भय का साम्राज्य था, वहां आज सम्मान, शांति और राष्ट्रभक्ति का दीप प्रज्वलित हो रहा है।

# जीवनसाथी साइट पर शादी का झांसा, महिला को बेहोश कर लाखों के जेवर ले उड़े बदमाश

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में ऑनलाइन मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए महिलाओं को निशाना बनाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। खम्हारडीह क्षेत्र की एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके घर पहुंचे आरोपी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने दिल्ली और उत्तराखंड में कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में पंजाब निवासी अभिनव सिंह उर्फ पहलवान (37) और दिल्ली निवासी हितिन नरूला (48) शामिल हैं। दोनों के कब्जे से 57 हजार रुपये नकद, दो तोला सोने के जेवर, चांदी का ब्रेसलेट और पांच मोबाइल फोन सहित करीब 4.21 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।

**उत्तराखंड से दो आरोपी गिरफ्तार**

- मैट्रिमोनियल साइट पर फर्जी प्रोफाइल बनाता था।
- शादी और रिश्ते का प्रस्ताव देकर महिलाओं का विश्वास जीतता था।
- मुलाकात के दौरान खाने या पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाता था।
- महिला के बेहोश होने पर जेवर और कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाता था।
- फर्जी दस्तावेज और अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर पहचान छिपाता था।

पुलिस ने बताया कि खम्हारडीह निवासी महिला की करीब चार महीने पहले एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के माध्यम से अभिनव सिंह से पहचान हुई थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत होने लगी। 15 मई को आरोपी ने अपना जन्मदिन बताकर महिला के घर आने की बात कही। दोपहर में वह महिला के घर पहुंचा और साथ में भोजन किया। इसी दौरान उसने चिकन ठीक से नहीं पकने की बात कहकर भोजन दोबारा तैयार किया और उसमें नशीला पदार्थ मिला दिया।

भोजन करने के कुछ देर बाद महिला बेहोश हो गई। शाम को उसकी रूम पार्टनर घर पहुंची, लेकिन तब तक उसे होश नहीं आया। अगले दिन सुबह लगभग 20 घंटे बाद महिला को होश आया तो गले की सोने की चेन, अंगूठियां और अलमारी के लॉकर में रखे अन्य सोने-चांदी के जेवर गायब थे। आरोपी का मोबाइल फोन भी बंद मिला। इसके बाद पीड़िता ने खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए खम्हारडीह थाना और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और ऑनलाइन प्रोफाइल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान आरोपी हितिन नरूला की लोकेशन उत्तराखंड के हरिद्वार में मिली, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर मुख्य आरोपी अभिनव सिंह को दिल्ली के पहाड़गंज इलाके से पकड़ा गया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी घटना के दिन एक साथ रायपुर आए थे। अभिनव सिंह महिला के घर गया, जबकि हितिन नरूला रेलवे स्टेशन पर उसका इंतजार करता रहा। वारदात के बाद दोनों आरोपी रेलवे स्टेशन से फरार हो गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी अलग-अलग नाम और फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपनी पहचान बदलता था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने देश के विभिन्न राज्यों में इस तरह की करीब आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। जांच में यह भी पता चला है कि पिछले एक महीने के दौरान उसने मैट्रिमोनियल वेबसाइट के माध्यम से लगभग 100 महिलाओं से संपर्क किया था। पुलिस अब इन सभी संपर्कों की जांच कर रही है।

अभिनव सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके खिलाफ दिल्ली के अशोक विहार और पार्लियामेंट हाउस थाना क्षेत्रों में धोखाधड़ी और चोरी के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वह उत्तराखंड के लक्ष्मणझूला क्षेत्र में वाहन चोरी के मामले में भी गिरफ्तार हो चुका है।

## पति की मौत के बाद महिला से दुष्कर्म का आरोप, दो देवरों के खिलाफ केस दर्ज

**पेंड्रा/नवप्रदेश।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। गौरेला थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला ने अपने ही रिश्ते में लगने वाले दो देवरों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के पति का लगभग दस वर्ष पहले निधन हो चुका था। पति की मौत के बाद महिला अकेले जीवन यापन कर रही थी। आरोप है कि इसी स्थिति का फायदा उठाकर उसके दो देवरों ने अलग-अलग समय पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने पहले भी मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई के लिए प्रयास किए थे, लेकिन विभिन्न कारणों से कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी।

## भाठागांव में डेढ़ एकड़ भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर नगर निगम ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जोन क्रमांक-6 क्षेत्र के भाठागांव स्थित पहलवान वाटिका इलाके में लगभग डेढ़ एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगा दी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई मुरूम सड़क को जेसीबी मशीन से काट दिया और आवागमन बाधित कर आगे की गतिविधियों पर रोक लगा दी। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन-6 के जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उपअभियंता सागर ठाकुर सहित नगर निवेश विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


**संस्कृति मंत्रालय**
MINISTRY OF CULTURE

**रुचि की अभिव्यक्ति (EoI)**
**कंटेंट डेवलपमेंट विशेषज्ञों की नियुक्ति**
**युगे युगीन भारत संग्रहालय (YYBM), नई दिल्ली**

भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय, अपनी एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल - युगे युगीन भारत संग्रहालय (YYBM), नई दिल्ली - के लिए कंटेंट डेवलपमेंट विशेषज्ञों के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र पेशेवरों से रुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित करता है।

**पद**
- कंटेंट डायरेक्टर (01)
- एसोसिएट कंटेंट डायरेक्टर (02)
- कंटेंट शोधकर्ता (07)
- युवा संग्रहालय पेशेवर (05)

विस्तृत EoI, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप तथा अन्य नियम एवं शर्तें संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट www.culture.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन कैसे करें**
इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन, सहायक दस्तावेजों के साथ, निम्नलिखित पते पर जमा कर सकते हैं -
**ईमेल:** yybm-culture@gov.in
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** -19 जून 2026 (शुक्रवार), अपराह्न 3:00 बजे

संस्कृति मंत्रालय बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

CBC 09101/11/0013/2627


# सुशासन तिहार बना जनकल्याण का प्रभावी माध्यम : चिमनानी



**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार सुशासन, जनसरोकार और जनकल्याण का नया आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

अमित चिमनानी ने हाल ही में जनता से कथित दुर्व्यवहार के मामले में अधिकारी रूपेश पांडे के निलंबन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की संवैधानिक व्यवस्था में जनता का अपमान और गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार 'जनता सर्वोपरि' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तीन चरणों में आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा मिला है। इस अभियान का उद्देश्य शासन को अधिक जन-केंद्रित बनाना, जनता का विश्वास मजबूत करना तथा विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का आकलन करना है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सुशासन तिहार में जनता की समस्याओं को केवल सुना ही नहीं जा रहा, बल्कि उन पर त्वरित कार्रवाई कर लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहे हैं और इससे सरकार के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है।

चिमनानी ने कहा कि प्रदेशभर में सुशासन तिहार को लेकर जनता में उत्साह का माहौल है। यह अभियान सरकार की संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के जनप्रतिनिधि 45 डिग्री तापमान में लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष ने सुशासन तिहार में बाधा डालने और भ्रम फैलाने का प्रयास किया है। कांग्रेस नहीं चाहती कि जनता की समस्याओं का समाधान हो।

# अवैध खनिज परिवहन कार्रवाई, 8 हाईवा वाहन जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर की गई कार्रवाई में रेत और बोल्डर का परिवहन कर रहे 8 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।

खनिज विभाग की टीम ने उप संचालक खनि प्रशासन राजेश मालवे और सहायक खनि अधिकारी उमेश भार्गव के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान नारी और धमतरी क्षेत्र से रेत का परिवहन कर रहे 6 हाइवा तथा तुमगांव क्षेत्र से बोल्डर लेकर आ रहे 2 हाइवा वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों से खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने सभी 8 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त कर लिया। खनिज विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जब्त वाहनों को उपरवारा थाना और माना थाना की सुपुर्दगी में सौंप दिया है।


**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202605103800018 /02/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक राकेश चावडा एवं रजनीश चावडा आ. स्व. जयतीलाल चावडा, निवासी पचरीपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 45 डी, भूखण्ड क. 31, रकबा 270 वर्गमीटर वर्तमान में भूखण्ड क. 31/1 रकबा 54 व.मी. राकेश चावडा आ. जयंती लाल व 31/2 रकबा 216 व.मी. राकेश रजनीश व रेखा आ. जयंती लाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पटटे की वैधता 31 मार्च 2002 को समाप्त हो चुकी है। माननीय व्यवहार न्यायालय दुर्ग द्वारा दिनांक 29.04.26 को निर्णय कर आवेदकगणों के मध्य बराबर हिस्से में स्वामित्व व कब्जा होगा डिकी पारित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदकगण द्वारा उक्त भूखण्ड को बराबर हिस्से में विभाजित कर नामांतरण करते हुए पृथक-पृथक नवीन पटटा प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.06.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं, नौरतन वर्मा (NAURATAN VERMA) पिता श्री गणेश राम वर्मा, (पुराना नाम जिसे बदला जाना है), मकान न. ए/08, ब्लॉक ए, एसटीएफ कॉलोनी, कातुलबोड, पंचरत्न वाटीका, वार्ड न. 60, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) अपना नौरतन वर्मा (NAURATAN VERMA) पिता श्री गणेश राम वर्मा (पुराना नाम) से बदल कर नवरतन वर्मा पिता श्री गणेश राम वर्मा (NAVRATAN VERMA S/O GANESH RAM VERMA) रखा लिया हैं।

शपथकर्ता
नौरतन वर्मा
पिता श्री गणेश राम वर्मा,
मकान न. ए/08, ब्लॉक ए,
एसटीएफ कॉलोनी, कातुलबोड,
पंचरत्न वाटीका, वार्ड न. 60, दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं सुदीप दवे (पिता का नाम) सुपुत्र प्रदीप कुमार दवे, निवासी- ब्लाक न.-7, प्लाट नं.-1, राधिका नगर, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्री भूमि उर्फ काव्या दवे (BHUMI ALIAS KAVYA DAVE) (पुराना नाम) से बदल कर काव्या दवे (KAVYA DAVE) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
सुदीप दवे
सुपुत्र प्रदीप कुमार दवे
निवासी- ब्लाक न.-7, प्लाट नं.-1, राधिका नगर, सुपेला भिलाई
तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900226

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मला ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, बसंती ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, द्रोपती ठाकुरपिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, कुन्ती ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1372/14 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कुन्ती ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, बसंती ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, आलोक सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, द्रोपती ठाकुर पिता/पति स्व. गैंदसिंह ठाकुर पता पुराना आदर्शनगर दुर्ग, अंशु अग्रवाल पिता/पति स्व. विजयलाल अग्रवाल पता 517, प्रियदर्शनीनगर तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)



CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. (निर्माण) संभाग
बिजली नगर, भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड - 490021
वेबसाईट-:-www.cspc.co.in, ईमेल:-EEEHTConst. Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन न.-0788.2281954

क्र. का.यं. / अ.उ.दा./ निर्माण / 301 — भिलाई, दिनांक 01/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा **132 के.व्ही. भिलाई-रूवाबांधा-गुण्डरदेही लाईन से 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र पाटन तक 132 के. व्ही. डी.सी.डी.एस.** विद्युत पारेषण लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई लगभग 20.68 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन **जिला-दुर्ग, तहसील-पाटन के अंतर्गत ग्राम-देमार, अरसनारा, लोहरसी, रवेली, ढौर, अचानकपुर, मुड़पार, राखी, परेवाडीह, पतोरा, बेन्द्री एवं तहसील-दुर्ग के अंतर्गत ग्राम-डुमरडीह, डुण्डेरा** से होकर गुजर रही है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक **03.06.2026** या उसके पश्चात् कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

**"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"**

कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
संवाद - छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई



**नाम-परिवर्तन**

मैं पीलाराम पटेल पुराना नाम जिसे बदला जाना है पिता/पति मनहरण लाल पटेल निवासी ग्राम तुमाकला तहसील धमधा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम पीलाराम पुराना नाम से बदलकर अजय कुमार नया नाम रख लिया है।

शपथकर्ता
पीलाराम पटेल
पिता/पति मनहरणलाल पटेल
निवास तुमाकला तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं सुरेश गिरी गोस्वामी मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सुरेश गिरी (SURESH GIRI) अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम सुरेश गिरी गोस्वामी (SURESH GIRI GOSWAMI) है (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता मन्नू गोस्वामी, निवासी गायत्री नगर, वार्ड नं.-15, भिलाई चरोदा, भिलाई-03, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम सुरेश गिरी (SURESH GIRI) (पुराना नाम) से बदल कर सुरेश गिरी गोस्वामी (SURESH GIRI GOSWAMI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
सुरेश गिरी गोस्वामी
पिता मन्नू गोस्वामी
निवासी गायत्री नगर, वार्ड नं.-15, भिलाई चरोदा, भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक परमिंदर सिंग वगै. पिता दिलीप सिंग निवासी ग्राम गायत्री मंदिर वार्ड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 202/366 रकबा 1.0400 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**व्यक्तिगत सूचना**

रा.प्र.क्र. 202406101000036 /अ-06/वर्ष 2025-26

प्रति,
1. राधेश्याम पाण्डेय आ. केदार नाथ पाण्डेय निवासी मं. न. आरजेड/28 महावीर एनक्लेव -1 पालव विपेज स.ओ. साउथ वेस्ट दिल्ली, 2. घारूशीला उर्फसाधना पति राजू पाटिल अन्य 04, 3. पवन देव पिता स्व. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा, 4. सुभाष जायसवाल आ. रामाधार जायसवाल निवासी केम्प 02 मिलाई
5. सुमित कुमार सिन्हा आ. शारदा प्रसाद सिन्हा, 6. अगनू / सुखराम, 7. सुखदेव टेटकू
निवासी - भिलाई तह. व जिला दुर्ग
पक्षकार - राजू कांशी राम पाटिल पिता के. बी. पाटिल निवासी शांति नगर सुपेला मिलाई तह. व जिला दुर्ग
अनावेदक- छ.ग. शासन विरूद्ध

आपको सूचित किया जाता है इस न्यायालय का रा.प्र. कं. 202406101000036/3-6/वर्ष 2025 -26 आवेदक राजू कांशी राम पाटिल आ. के.बी. पाटिल साकिन शांति नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45, रा.नि.मं. कोहका तह.व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 775 रकबा 0.82 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया था, जो बंदोबस्त के दौरान नक्शा में त्रुटि हो गई है, को सुधार किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित आवेदन पत्र जांच हेतु प्राप्त हुआ है। अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज 25.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

मैं सुमन राजपूत उम्र 32 साल पिता इंदल सिंह जाति राजपूत निवासी सेमरा पो. सेमरा तहसील बेलरगांव जिला धमतरी छ.ग का/की हूं जो कि सत्य कथन करता/करती हूं -
1. यह कि मेरा नाम वो पता उपरोक्तानुसार है जो सही है।
2. यह कि मेरा सही नाम- सुमन राजपूत पिता इंदल सिंह है एवं मेरे द्वारा समस्त स्थानों पर यहीं नाम प्रयोग की जाती है।
3. यह कि मेरे शालेय रिकार्ड व अंकसूची में मेरा नाम - सुमन पिता इंदल सिंह अंकित है।
4. यह कि मुझे सुमन राजपूत पिता इंदल सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावें एवं समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व सभी दस्तावेजों पर यहीं नाम दर्ज व अंकित किया जावें।
5. यह कि जहां आवश्यक हो मेरा नाम सुमन राजपूत पिता इंदल सिह लिखा, पढ़ा, समझा व नाम दर्ज किये जाने की पुष्टि में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।
6. यह कि उक्त दी गई जानकारी पूर्ण सत्य है असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ती

**सत्यापन** - मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करता/करती हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में वर्णित सभी तथ्य सहीं है, अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
स्थान-नगरी
दिनांक-09.04.26 — शपथकर्ती सुमन राजपूत



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा / Bank of Baroda**
**रायपुर औद्योगिक क्षेत्र शाखा, रायपुर (छ.ग.)**
Mob.: 9109993979, Email: dbbpur@bankofbaroda.co.in

**मांग सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| श्री जगदीश बोधवानी एवं श्रीमती मुस्कान बोधवानी (ऋणी), पताः साई मंदिर के सामने, कॉलोनी, शिव विहार कॉलोनी, शिवानंद नगर, सेक्टर-3, खमतराई 2, रायपुर (छ.ग..) पिन-492008<br>2) श्री जगदीश बोधवानी एवं श्रीमती मुस्कान बोधवानी (ऋणी), पताः C/o. जय माँ शारदा मोबाइल शॉप, भनपुरी बाजार चौक, खमतराई, रायपुर (छ.ग.) पिन-493221 | श्री जगदीश बोधवानी के नाम पर ख.नं. 708/87, मौजा-गोंढ़वारा, वीर शिवाजी वार्ड न. 7, पीसी नं. 108/38, आरआईसी- रायपुर 01, तहसील/जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़। कुल क्षेत्रफल 700 वर्ग फुट में स्थित भूमि के साथ आवासीय मकान का साम्यिक बंधक।<br>विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी का विवरणः उत्तर- सुनील कुमार कुकरेजा की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- विवेक शर्मा की ज़मीन। | TERM LOAN<br>₹ 12,20,050.00<br>दिनांक 10/01/2026 तक कुल देय धनराशि ₹ 11,45,274.41 + ब्याज एवं अन्य खर्च<br>एनपीए तिथि 08/05/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर औद्योगिक क्षेत्र शाखा, रायपुर (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 01.06.2026, स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## न्यूज गैलरी

### आज स्पीकर हाउस राजनांदगांव में डॉक्टर रमन सिंह दिव्यांगजनों को बाटेंगे उपकरण

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आज 2 जून को दोपहर 2.00 बजे स्थानीय स्पीकर हाउस कैंप कार्यालय मे पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को दिव्यांगों हेतु प्रयुक्त उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉक्टर रमन सिंह जी द्वारा प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव जी, सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे जी, राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव जी एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरणों का वितरण किया जाएगा। राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के दिव्यांगजनों से आयोजन का लाभ उठाने एवं नागरिकों से इस आयोजन में उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### डीएड प्रवेश परीक्षा 4 जून को, जिले के 10 केंद्रों में शामिल होंगे 2409 परीक्षार्थी

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित डी.एड. प्रवेश परीक्षा 4 जून को खैरागढ़ जिले के 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में कुल 2409 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे ने बताया कि परीक्षा प्रातः 10 से 1-15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9-30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। इसके बाद परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे तथा विलंब से पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा की सतत निगरानी के लिए उडऩदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है। जिला मुख्यालय मे बनाए गए परीक्षा केन्द्रों मे रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय मे 360, बख्शी स्कूल मे 360, कन्या शाला मे 360, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट मे 180, अमलीपारा हाईस्कूल मे 180, पालीटेक्रीक कालेज मे 180, विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 180, माईलस्टोन पब्लिक स्कूल मे 240, वेसलियन स्कूल अमलीपारा मे 240 और प्रेमकुमार सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल मे 180 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा मे शामिल होंगे ।

### जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत हुई अचला सिंह को दी भावभीनी विदाई

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** स्थानीय जिला सहकारी बैंक शाखा में लेखापाल के रूप सतत रूप से पिछले 42वर्ष तक सेवा देने के बाद श्रीमती अचला सिंह शनिवार को सेवानिवृत्त हो गई ! लगातार 42 वर्ष तक वे स्थानीय शाखा में पदस्थ रहते अपने कार्यों का सेवा भाव से निर्वहन किया! सेवा निवृत होने पर बैंक शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों ने बिदाई समारोह का आयोजन कर अचला सिंह को भावभीनी विदाई दी! कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक गीतिका सिंह सहित बैंक कर्मी, समिति और फील्ड कर्मी मौजूद रहे! सादे समारोह में अधिकारियों कर्मचारियों ने श्रीमती अचला सिंह के निरंतर सेवा भावी कार्यों को याद करते कहा कि सिंह ने बैंक शाखा और खाता धारकों के बीच परस्पर समन्वय स्थापित कर बैंक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया! कुशल प्रबंधन और कनिष्ठ कर्मचारियों को समय समय पर मार्गदर्शन करना सिंह की खासियत रही! कर्मचारियों ने भी सिंह के सेवा कार्य को अविश्वसनीय बताते उनके कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही! अचला सिंह को अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घायु निरोग सफल जीवन की कामना की गई! कार्यक्रम में अश्विनी साहू, योगेश सिंह, शीतल साहू,चालक वर्मा, सुरेश वर्मा, राजू पटवा सहित बैंक कर्मी समिति कर्मचारी स्टाफमौजूद रहे!

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत, बदलता भारत थीम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी नलिनेश ठोकने रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए टीम का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं। कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते नलिनेश ठोकने ने कहा कि 4 जून को प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर एक पाम्पलेट जारी किया जाएगा, जिसे प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने इसे सरकार का रिपोर्ट कार्ड बताते कहा कि इसके माध्यम से जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के प्रतिनिधि जिला स्तर पर पहुंचकर प्रेस कांफ्रेंस करेंगे बुद्धजीवी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, लाभार्थी सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूरे 12 वर्षों के कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए 12 अलग-अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें आम जनता से संवाद कर योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित करें। कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि तीन प्रमुख प्रकार के कार्यक्रम -सम्मेलन, शिविर एवं कार्यशाला आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

अग्रवाल सभा राजनांदगांव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनावः समाज ने बदलाव पर लगाई मुहर

# वर्तमान अध्यक्ष शरद अग्रवाल को हराकर सुशील अग्रवाल बने अध्यक्ष

■ **अशोक सिंघल कोषाध्यक्ष निर्वाचित**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** अग्रवाल सभा राजनांदगांव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में समाज ने बदलाव के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देते हुए वर्तमान अध्यक्ष शरद अग्रवाल को पराजित कर सुशील अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुन लिया है। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर हुए मुकाबले में अशोक सिंघल ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अग्रसेन भवन में समर्थकों एवं समाजजनों के बीच उत्साह का माहौल बन गया।

**अध्यक्ष पद पर सुशील अग्रवाल की प्रभावशाली जीतः** अध्यक्ष पद के चुनाव में सुशील अग्रवाल ने 38 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर समाज का विश्वास हासिल किया। चुनाव परिणाम के बाद समर्थकों ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा बधाइयों का सिलसिला देर तक चलता रहा।

**कोषाध्यक्ष पद पर अशोक सिंघल विजयीः** कोषाध्यक्ष पद के त्रिकोणीय मुकाबले में अशोक सिंघल ने 102 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। परमानंद गोयल को 65 मत तथा संजय लोहिया को 26 मत प्राप्त

हुए। अशोक सिंघल की जीत को समाज में उनके लंबे सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

**रिकॉर्ड मतदान ने बढ़ाई चुनाव की गरिमाः** अग्रवाल सभा के कुल 194 मतदाताओं में से 193 ने मतदान किया। लगभग शत-प्रतिशत मतदान ने समाज के लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन के प्रति सदस्यों की जागरूकता को प्रदर्शित किया।

**निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने घोषित किए परिणामः** चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के निर्देशन में संपन्न हुआ। मतगणना पूरी होने के बाद उन्होंने सुशील अग्रवाल को अध्यक्ष एवं अशोक सिंघल को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**सभी को साथ लेकर चलेंगे : सुशील अग्रवालः** नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि यह जीत पूरे समाज के विश्वास की जीत है। उन्होंने चुनाव में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब समय समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने का है। वे सभी को साथ लेकर समाजहित में कार्य करेंगे।

**प्रमुख परिणाम**

अध्यक्ष पद
सुशील अग्रवाल – 115 मत
शरद अग्रवाल – 77 मत
अवैध मत – 1
कोषाध्यक्ष पद
अशोक सिंघल – 102 मत
परमानंद गोयल – 65 मत
संजय लोहिया – 26 मत
कुल मतदाता : 194
कुल मतदान : 193

51 समितियों में धान का उठाव, दो हजार से डेढ़ हजार क्विंटल धान समितियों में कम

# 43 समितियों में 37 हजार क्विंटल धान का शार्टेज, जिम्मेदार कह रहे कहीं गड़बड़ी नहीं

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिले के धान खरीदी केन्द्रों मे सरकारी धान मे सूखत के नाम पर हुए गडबड़ी मे समितियो मे भी बडी मात्रा मे धान का शार्टेज सामने आया है । जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रो मे सरकारी धान के अंतिम उठाव के बाद 36 हजार 897 क्विंटल धान गायब मिला है । सोमवार को खबर प्रकाशन के बाद स्थानीय प्रशासन सहित बैंक और समिति प्रबंधन मे भी हडकंप की स्थिति बन गई । प्रशासनिक स्तर पर मामले मे कोई भी जानकारी देने से बचने का प्रयास किया जाता रहा तो समिति प्रबंधन भी मामले मे सूखत का हवाला देकर बचते नजर आई । समितियां शार्टेज मे किसी भी प्रकार की गडबड़ी से इंकार कर इसे देरी से हुए उठाव का हवाला दे रही है । तो मामले मे कार्यवाही के बजाय प्रशासन बचाव और मामले को दबाने मे सक्रिय नजर आ रहा है ।

**इन समितियो मे व्यापक पैमाने पर शार्टेजः** जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रों मे दर्जन भर से

अधिक केन्द्रों मे धान का बड़ा शार्टेज सामने आया है । इसमे आमदनी समिति सबसे ज्यादा शार्टेज के मामले मे जिले मे पहले नंबर पर है आमदनी समिति मे सबसे ज्यादा 2390 क्विंटल धान का शार्टेज मिला है । मड़ौदा समिति मे 2119 क्विंटल, जालबांधा समिति मे 2107 क्विंटल, सलोनी समिति मे 2023 क्विंटल, टोलागांव समिति मे 1706 क्विंटल,कामठा समिति मे 1679 क्विंटल, बैहाटोला समिति मे 1606 क्विंटल,डोकराभाठा समिति मे 1534 क्विंटल धान उठाव के बाद कम मिला है । इसके अलावा गाड़ाडीह, गंडई, संडी, अतरिया, भंडारपूर, अमलीपारा, हनईबन, उदयपूर, नचनिया, रगरा, मुढ़ीपार, महरूमकला, लिमो, पाडादाह, विचारपूर, पैलीमेटा, रामपूर, गोपालपूर, बढ़ईटोला, मुढ़ीपार विचारपूर, भोथली, पैलीमेटा के मोहगांव, पैलीमेटा दो, बुंदेली, मुढ़ीपार के गातापार, गोपालपूर, ईटार, अमलीडीह , सडक़ अतरिया, वीरूटोला, बकरकटटा, ठंडार, भूलाटोला, झूरानदी समितियों मे धान के शार्टेज पाए गए है ।

**पखवाड़ेभर पहले तक हुआ उठाव**

जनवरी माह मे अंतिम खरीदी के बाद जिले के धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव 15 मई के बाद तक जारी रहा । इसके चलते शार्टेज का पता अब सामने आ रहा है । जिले मे पूरे धान का उठाव किए जाने के बाद सामने आए अंतिम आंकड़े मे अब तक 99 फीसदी धान का उठाव दर्ज किया गया है । मतलब पूरे जिले मे हुई खरीदी का एक फीसदी धान पूरी तरह शार्टेज मे चला गया । मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई भी कार्यवाही अथवा जांच सामने नही आई है । उल्टा मामला उजागर होने के बाद अब इसे रफा दफा करने का प्रयास जारी है ।

**समितियों का दावा- सुखत के अलावा कोई गड़बड़ी नहीं**

जिले मे धान के बड़े पैमाने पर शार्टेज मामले मे स्थानीय प्रशासन, बैंक प्रबंधन कुछ भी बोलने से बच रहे है । लेकिन समिति प्रबंधक इसे सीधे तौर पर सूखत का हवाला दे रहे है । प्रबंधको का दावा है कि जनवरी मे अंतिम खरीदी के बाद सरकार ने समिति कर्मचारियो की हड़ताल के बाद फरवरी तक धान के उठाव का हवाला दिया था लेकिन जिले मे 15 मई के बाद तक उठाव चलता रहा । समितियो ने शार्टेज मे किसी भी प्रकार की गडबड़ी के आरोपो का खंडन करते कहा कि देरी से उठाव के चलते ही शार्टेज निकला है । जहां ज्यादा धान जाम हुआ वहा शार्टेज ज्यादा मिला है । समिति कर्मचारी भी ऐसे मे किसी भी प्रकार की कार्यवाही का जवाब दिए जाने की तैयारी कर रहे है।

> देरी से उठाव के कारण ही शार्टेज सामने आया है । समितियो मे कोई गडबड़ी नहीं है। जहां ज्यादा जाम रहा वहां शार्टेज ज्यादा निकला है। समय पर उठाव होता तो परेशानी सामने नही आती।
>
> **- यशवंत वर्मा अध्यक्ष**
> सहकारी समिति कर्मचारी संघ खैरागढ़ छुईखदान गंडई

### घुमका नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**घुमका राजनांदगांव/ नवप्रदेश।** नगरीय निकाय निर्वाचन घुमका सोमवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो गया। मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते पूरे निर्वाचन क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रही।पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी डोंगरगांव श्रीमती मंजूलता बाज के पर्यवेक्षण में निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा मतदान केंद्रों सहित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग, चेकिंग एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।मतदाताओं ने भी उत्साह और जिम्मेदारी के साथ शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### ऑक्सीजोन में सामूहिक स्वच्छता अभियानः सैकड़ों नगरवासियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**राजनांदगांव /नवप्रदेश।** सन टू ह्यूमन फाउंडेशन' के तत्वावधान में आज ऑक्सीजोन परिसर में एक वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया।

अभियान में सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के स्वयंसेवी कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र नाहटा, रामनिवास गुप्ता, गोपाल गुप्ता और लक्ष्मीकांत पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही, शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डी.सी. जैन, हरजीत सिंह भाटिया, ग्राम भंवरमारा की सरपंच सुश्री माया बंधे, पूर्व सरपंच श्रीमती प्रेमलता साहू, ग्राम प्रमुख धर्मेंद्र साहू सहित पप्पी चोपड़ा, , जयपाल मंगवानी और चंद्रकांत नंदे की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इन सभी के साथ सैकड़ों नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम भंवरमारा की सरपंच माया बंधे ने कहा कि ऑक्सीजोन की स्वच्छता को स्थायी रूप देने के लिए शीघ्र ही डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी, नियमित सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति होगी तथा स्वच्छता का संदेश देने वाले साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे।स्वच्छता का संकल्प लेते हुए उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों से ही एक स्वस्थ, सुंदर और स्वच्छ वातावरण का निर्माण संभव है। उन्होंने आने वाले आगंतुकों से भी ऑक्सीजोन की सुंदरता व स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की।अभियान के बाद सभी ने इस स्वच्छता को नियमित रूप से बनाए रखने का संकल्प लिया। फाउंडेशन के जवाहर सिन्हा ने बताया कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बनी है।

### शुल्क लेने से मजबूत हुई स्वच्छता व्यवस्था

■ **मुढ़ीपार पंचायत बनी जिले के लिए प्रेरणा**

■ **घर-घर कचरा संग्रहण बेहद मजबूत, श्रमदान से ग्रामीण चला रहे स्वच्छता अभियान**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में जारी निरंतर के तहत ग्राम पंचायत मूढ़ीपार स्वच्छता क्षेत्र में आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता शुल्क संग्रहण जैसे कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। ग्राम के स्वच्छग्राही नियमित रूप से प्रत्येक घर तक पहुंचकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कर रहे हैं। पंचायत द्वारा स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए युवाओं की वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दे रही हैं। ग्राम पंचायत ने स्वच्छता को स्थायी स्वरूप देने के लिए प्रत्येक माह श्रमदान के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मूढ़ीपार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीणों से 1 लाख 20 हजार रुपये तथा दुकानों से 1 हजार 600 रुपये का स्वच्छता शुल्क संग्रहित किया गया है। राशि ग्राम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, स्वच्छता संसाधनों के रखरखाव एवं अन्य स्वच्छता गतिविधियों में उपयोग की जा रही है। यूजर चार्ज के माध्यम से पंचायत न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था को भी आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बना रही है। मूढ़ीपार की सफलता प्रमाण है कि योजनाबद्ध प्रयास, जनसहभागिता एवं सतत मॉनिटरिंग से स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**पद का दुरुपयोगः** कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण और कोटवार को हटाने की मांग, ग्रामीणों का कहना- कार्रवाई नहीं तो करेंगे प्रदर्शन

# जालबांधा कोटवार पर शासकीय भूमि पर कब्जा का आरोप

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** ग्राम जालाबांधा के ग्रामीणों ने ग्राम कोटवार ईश्वर बंजारे के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत कराते कोटवार पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गांव की शासकीय निस्तार एवं चारागाह भूमि को नियमों के विपरीत अपने नाम कोटवारी सेवा भूमि के रूप में अवैध तरीके से दर्ज कराने पर कोटवार को पद से बर्खास्त करने, कथित अतिक्रमण हटाने तथा विवादित भूमि को पुनः शासकीय मद में दर्ज करने की मांग की है।

जालबांधा के विनोद चोपड़ा पूर्व सरपंच दीनदयाल सिन्हा, संकेत कोठारी सहित ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुँच दिए आवेदन में कहा कि कोटवार ईश्वर बंजारे पिछले पांच वर्षों से ग्राम

जालबांधा में अस्थायी कोटवार के रूप में कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव और ग्रामसभा की स्वीकृति के बिना गांव की सार्वजनिक उपयोग की भूमि को कोटवारी सेवा भूमि के रूप में दर्ज करा लिया है। ग्रामीणो ने बताया कि गांव के खसरा नंबर 141, 276, 441, 582, 598 और 624/2 सहित कुल लगभग 10 एकड़ भूमि को सेवा भूमि के रूप में दर्ज किया गया है। उक्त भूमि गांव की निस्तार और चारागाह भूमि रही है, जिसका उपयोग वर्षों से आम ग्रामीणों द्वारा किया जाता रहा है। आरोप है कि इस प्रक्रिया में न तो ग्राम पंचायत से अनापत्ति लिया गया और न ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। शिकायतकर्ताओं ने शासकीय भूमि को फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज कराने के प्रयास की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि विवादित भूमि किसानों के खेतों और खेतों तक पहुंचने वाले मार्गों के बीच स्थित है। भूमि पर कथित कब्जे और घेराबंदी के कारण किसानों को खेतों तक आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कृषि कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जालबांधा में पूर्व में पदस्थ एक कोटवार को ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि सेवा भूमि के रूप में प्रदान की जा चुकी थी। ऐसे में वर्तमान कोटवार को पुनः सेवा भूमि के नाम पर अतिरिक्त शासकीय भूमि दिए जाने का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शासकीय भूमि सीमित है ग्रामीणों के अनुसार जालबांधा उप तहसील मुख्यालय है, जहां भविष्य में विभिन्न शासकीय कार्यालयों और जनसुविधाओं के लिए भूमि की आवश्यकता पड़ सकती है।

गांव में उपलब्ध शासकीय भूमि पहले से ही सीमित है। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि कोटवार शासन से नियमित मानदेय प्राप्त कर रहे हैं, सार्वजनिक हित की भूमि को व्यक्तिगत उपयोग के लिए सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है आवेदन में आरोप लगाया है कि खसरा नंबर 615 की लगभग 1 हेक्टेयर (2.47 एकड़) भूमि, शासकीय चारागाह भूमि को कोटवार के पिता बिशेलाल बंजारे के नाम पर पट्टा बनाकर बिना सक्षम अनुमति के विक्रय किया गया। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर संकेत कोठारी, दीनदयाल सिन्हा, नन्दूराम, प्यारेलाल, तुषार वर्मा, महेश गुप्ता, बृजलाल, रोहित वर्मा, रामदास, दीनदयाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों अतिक्रमित शासकीय भूमि को तत्काल मुक्त कराने, भूमि के नामांतरण और दर्ज प्रक्रिया की जांच कराने दोषी कोटवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।

Happy Birthday
श्री दीपेश साहू जी
विधायक, बेमेतरा
जिला पंचायत अध्यक्ष
श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
RK फ्लेक्स दुर्ग रोड, बेमेतरा
प्रवीण नीलू राजपूत
अजय शुक्ला
दिलीप पटेल
महेश राजपूत
जीवेश तिवारी
प्रमोद साहू
कृपाल सेन
शुभम देवांगन
विकास तिवारी

# सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शनः सड़क पर उतरा सर्व आदिवासी समाज, थाने का घेराव

**धमतरी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में आदिवासी समाज की संस्कृति और मान-सम्मान को लेकर सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद विवाद गहरा गया है। मामले को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने सोमवार को कोतवाली थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

**आरोपी पर एफआईआर और एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांगः** सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरेई ने बताया कि गरियाबंद जिले के अमलीपदर निवासी संस्कार सत्पथी नामक युवक ने अपनी सोशल मीडिया आईडी से आदिवासी समाज की संस्कृति और सम्मान के खिलाफ कथित रूप से अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे समाज के लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एट्रोसिटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। समाज के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से भी मामले में गंभीरता से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

सर्व आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी के खिलाफशीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। समाज के नेताओं ने कहा कि आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सम्मान के खिलाफकिसी भी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आदिवासी मुख्यमंत्री से भी की हस्तक्षेप की अपील

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह मामला केवल एक सोशल मीडिया पोस्ट का नहीं बल्कि आदिवासी समाज के सम्मान और पहचान से जुड़ा विषय है। समाज के लोगों ने प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री से भी मामले का संज्ञान लेकर दोषी के खिलाफकड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

### राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

समाज के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे को लेकर देश की राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आदिवासी समुदाय की पहचान को लेकर सम्मानजनक शब्दों के प्रयोग की मांग करते हुए गृह मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की गई है।

### 'वनवासी' शब्द के इस्तेमाल पर भी जताई आपत्ति

थाना घेराव के दौरान सर्व आदिवासी समाज ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आदिवासियों को 'वनवासी' कहकर संबोधित किए जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि आदिवासी समुदाय इस देश का मूल निवासी है और उन्हें 'वनवासी' कहना उनकी ऐतिहासिक पहचान को कमतर आंकने जैसा है।

## न्यूज गैलरी

### नायब तहसीलदार से मारपीटः राजस्व अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में नायब तहसीलदार तुषार मानिक से मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज राजस्व अधिकारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहेंगे, जिससे राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने की आशंका है। संघ ने कहा है कि घटना के विरोध में 29 मई को प्रदेशव्यापी सामूहिक अवकाश लेकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से अधिकारियों में आक्रोश है। संघ का मानना है कि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारियों के साथ इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक तंत्र का मनोबल प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र स्थित राजापुर उप तहसील में जमीन संबंधी प्रकरण को लेकर विवाद के बाद नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ कथित मारपीट की घटना सामने आई थी। मामले में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके समर्थकों पर मारपीट तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी ओर विधायक की बहन की शिकायत पर नायब तहसीलदार तुषार मानिक के खिलाफभी महिला से अभद्र व्यवहार, आपराधिक धमकी तथा अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण में दोनों पक्षों की ओर से काउंटर एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस जांच जारी है। अब संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रखने और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

### घरेलू विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में स्थित दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पथराटोला में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार ग्राम पथराटोला निवासी हेमंत कुमार पिस्दा (26) रविवार शाम घर से प्लास्टिक की नेवाड़ रस्सी लेकर निकला था। बताया जाता है कि रात में गांव के समीप एक बेर के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना से पूर्व युवक का घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से निकल गया था। देर रात शव मिलने से परिजनों में शोक का माहौल है। मृतक अविवाहित था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### सुकमा के गोगुण्डा में दस मोतियाबिंद मरीजों की सफल सर्जरी

**सुकमा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुकमा जिले के सुदूर और पूर्व नक्सल प्रभावित गोगुण्डा गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जिला चिकित्सालय सुकमा में गोगुण्डा के दस मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई दृष्टि प्रदान की गई है। आज जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के सिंह से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांव-गांव पहुंचकर सर्वेक्षण किया और मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहचान की। इसके बाद मरीजों को विशेष वाहनों के माध्यम से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां सिविल सर्जन डॉ. एम.आर. कश्यप और नेत्र सर्जन डॉ. खुशबू देवांगन के नेतृत्व में उनकी सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीजों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया और स्वस्थ होने पर उन्हें उनके गांव वापस भेजा गया। इस दौरान मरीजों का उत्साहवर्धन करने के लिए फल भी वितरित किए गए। प्रशासन ने मरीजों और उनके परिजनों से अन्य जरूरतमंद लोगों को भी उपचार के लिए प्रेरित करने की अपील की है, ताकि मोतियाबिंद से पीड़ित कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। जिला प्रशासन के अनुसार नक्सल गतिविधियों में कमी आने के बाद अब शासन की स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाएं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं।

### रायगढ़ में ग्रामीण बैंक शाखा में आग लगने से नुकसान की आशंका

**रायगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के लोईंग इलाके स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में रविवार देर रात आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार लोईंग बाजार क्षेत्र में एक निजी भवन में संचालित बैंक शाखा से कल देर रात धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस तथा दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। बताया गया है कि दमकल वाहन के पहुंचने से पहले आग बैंक परिसर के भीतर फैल गई, जिससे फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा अन्य सामग्री को नुकसान पहुंचने की आशंका है। अग्निशमन दल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल बैंक में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हैं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**विडंबनाः** पर्यावरण और पर्यटन दोनों पर भारी पड़ रहा लाल मिट्टी परिवहन

# लाल मिट्टी की धूल में घुटता दंतेवाड़ा मलांगीर जलप्रपात मार्ग, सफर चुनौती

■ **कई स्थानों पर सड़कें लाल परत से ढक चुकी**

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** दंतेवाड़ा जिले के लौहनगरी किरंदुल क्षेत्र में स्थित आर्सेलर मित्तल निपान स्टील बेनिफिसियल प्लांट द्वारा किए जा रहे लाल मिट्टी के परिवहन ने अब आम जनजीवन के साथ-साथ पर्यटन और पर्यावरण पर भी गंभीर असर डालना शुरू कर दिया है। पेरपा चौक से कड़मपाल, बचेली, किरंदुल, कोड़ेनार होते हुए प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मलांगीर जलप्रपात तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों लाल धूल के गुबार में तब्दील हो चुका है।

स्थिति यह है कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क पर लाल मिट्टी की मोटी परत जम गई है, जो हवा के साथ उड़कर पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले रही है। दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और पर्यटकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि परिवहन कार्य में लगे वाहन बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के दौड़ रहे हैं। सड़क पर नियमित पानी छिड़काव नहीं होने के कारण धूल का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्थानों पर सड़कें लाल परत से इस कदर ढक चुकी हैं कि वाहन चालकों को सामने तक दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। इस धूल का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। मार्ग किनारे मौजूद पेड़-पौधे, घर और दुकानें तक लाल धूल से रंग चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी और खांसी जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

### प्राकृतिक पहचान और पर्यटन को नुकसान

एक ओर राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बुनियादी समस्याओं की अनदेखी इन प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र की प्राकृतिक पहचान और पर्यटन दोनों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### सवालों के घेरे में प्रशासन

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर करोड़ों रुपये का खनन और परिवहन करने वाली कंपनियां प्रदूषण नियंत्रण के बुनियादी नियमों का पालन क्यों नहीं कर रहीं? इस संबंध में जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि परिवहन कार्य में लगे वाहनों पर सख्त निगरानी रखी जाए, नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए तथा सड़क की सफाई और मरम्मत तत्काल कराई जाए ताकि आम नागरिकों और पर्यटकों को राहत मिल सके।

### खराब सड़क के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि इसका असर अब जिले के पर्यटन स्थलों पर भी दिखाई देने लगा है। प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए प्रसिद्ध मलांगीर जलप्रपात तक पहुंचना पर्यटकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। धूल और खराब सड़क हालात के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी आने लगी है, जिससे स्थानीय रोजगार पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

यदि नियम टूट रहे हैं, तो प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? क्या दंतेवाड़ा की प्राकृतिक सुंदरता और लोगों की सेहत उद्योगों की धूल में दफन कर दी जाएगी? या फिर जिम्मेदार विभाग केवल किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं?

– **पीयूष मुखर्जी**, पर्यटक

स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

– **अविनाश सरकार**, जिला महासचिव, यूथ कांग्रेस

### बीजापुर में रेत उत्खनन और भंडारण पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**बीजापुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तारलागुड़ा क्षेत्र में रेत उत्खनन और भंडारण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नदी तट से बड़े पैमाने पर रेत निकालकर विभिन्न स्थानों पर डंप की जा रही है, जिससे खनन नियमों के पालन और प्रशासनिक निगरानी को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में रेत खनन के लिए ग्राम पंचायत को पट्टा जारी किए जाने तथा भंडारण के लिए अलग से भूमि लीज पर उपलब्ध कराए जाने की जानकारी है लेकिन कथित भंडारण स्थल पर आवश्यक सूचना पटल नहीं लगाए जाने से पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत उत्खनन में भारी मशीनों के उपयोग की भी चर्चा है। उनका आरोप है कि यदि नियमों के विपरीत उत्खनन और भंडारण किया जा रहा है तो इससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और शासन को राजस्व हानि होने की आशंका भी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संयुक्त निरीक्षण करने, डंप की गई रेत का सत्यापन कराने तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच की मांग की है। साथ ही नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की मांग भी की है। इस संबंध में प्रशासन और खनिज विभाग की संभावित कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## बालोद कलेक्ट्रेट में बवालः बैरिकेटिंग तोड़कर घुसे आदिवासी समाज के लोग

**बालोद/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से हैरान कर देनी वाली खबर सामने आयी है। जहां जामड़ी पाटेश्वर धाम के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोग कलेक्ट्रेट घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेटिंग की थी। लेकिन आक्रोशित आदिवासी बैरिकेट तोड़ कर कलेक्टोरेट में घुस गए।

मिली जानकारी के अनुसार, जामड़ी पाटेश्वर धाम के विरोध में सर्व आदिवासी समाज के लोग कलेक्टोरेट घेराव करने पहुंचे। पुलिस के साथ झड़प होने के बाद आदिवासी बैरिकेटिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट में घुस गए और जमकर हंगामा किया। कुछ लोग गेट में तो कुछ लोग कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा कर रहे हैं।

पुलिस बल फायर ब्रिगेट के साथ मिलकर पानी के प्रेशर से हटाने का प्रयास कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि, पाटेश्वर धाम गांव की जमीन पर बना है। गांव के विकास कार्यों को पाटेश्वर धाम में करवाया जाता है।

# विभागीय कार्रवाई पर सियासत की एंट्री

## भूपेश के पास पहुंचे सस्पेंडेड सीईओ, कार्रवाई को बताया गलत, चीफ सेक्रेटरी के पास जाने की बात

**दुर्ग/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में जन समस्या निवारण शिविर के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में अब सियासत भी तेज हो गई है। सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय सोमवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मुलाक़ात करने पहुंचे।

उन्होंने निलंबन को गलत बताते हुए कहा मुझे पर जो कार्रवाई हुई है वह गलत है और इस मामले को लेकर मैं चीफ सेक्रेटरी के पास जाऊंगा। दरसअल, ग्राम थनौद में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के दौरान जनपद पंचायत दुर्ग के सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय का कथित अभद्र व्यवहार अब उनके निलंबन की वजह बन गया है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। मामला सीधे संभाग आयुक्त तक पहुंचा। जांच हुई और कार्रवाई भी।

**अधिकारी ने लोगों से किया अमर्यादित व्यवहार :** बताया गया कि शिविर के दौरान आम लोगों से बातचीत करते समय अधिकारी का व्यवहार मर्यादित नहीं था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद लोगों में नाराजगी बढ़ी। सरकारी कार्यक्रम में जनता से अभद्रता का आरोप लगने के बाद प्रशासन के लिए चुप रहना मुश्किल हो गया। वीडियो ने पूरे मामले को सार्वजनिक कर दिया। इसके बाद शिकायतों का सिलसिला भी शुरू हुआ।

**इन नियमों के तहत किया गया सस्पेंड :** आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि शासकीय सेवकों को सत्यनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ और जनता के प्रति शिष्ट होना चाहिए। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों में तय की गई है। यह पाया गया कि संबंधित अधिकारी इन मानकों पर खरे नहीं उतरे।

**वीडियो क्लिप का किया गया परीक्षण:** मामले की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग कलेक्टर ने रिपोर्ट भेजी। वीडियो क्लिप का भी परीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में अधिकारी के खिलाफआरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। आयुक्त कार्यालय ने माना कि शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही हुई है। साथ ही आम नागरिकों के प्रति अशिष्ट व्यवहार भी सामने आया है। यही आधार निलंबन कार्रवाई का कारण बना।

**नोटिस का नहीं दिया संतोषजनक जवाब:** 30 मई 2026 को रूपेश कुमार पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उनसे पूरे मामले पर स्पष्टीकरण मांगा गया। अधिकारी ने जवाब प्रस्तुत किया। लेकिन आयुक्त कार्यालय को वह संतोषजनक नहीं लगा। इसके बाद विभागीय कार्रवाई का रास्ता साफहो गया। महज दो दिन के भीतर निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया।

# गरियाबंद जिले को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात, 7.41 करोड़ स्वीकृत

■ **26 नए उपस्वास्थ्य केंद्रों बनाए जाएंगे, विधायक रोहित साहू ने जताई खुशी**

**राजिम/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में गरियाबंद जिले के ग्रामीण इलाकों अर्थात ग्राम पंचायतों में स्थित 26 उपस्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा।

जिले के छुरा और मैनपुर विकासखंड में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए ग्राम पंचायतों के 26 नए उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण हेतु 7 करोड़ 41 लाख 26 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का गरियाबंद जिले की जनता की ओर से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि इन नए भवनों के निर्माण से ग्रामीण अंचल के लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी तथा आमजनों को अब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### 13 उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 3 करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत

इस बजटीय स्वीकृति के तहत गरियाबंद जिले के छुरा और मैनपुर विकासखंडों को समान रूप से बजट आवंटित किया गया है। जिसमें छुरा विकासखंड के कुल 13 उपस्वास्थ्य केंद्रों क्रमशः पिपरछेड़ी, गायडबरी, मुड़ागांव, सिवनी, मुढ़ीपानी, सेम्हरा, कुटेना, तौरेंगा, घटकर्रा, अमलोर, द्वारतरा,

बोड़राबांधा और कनेसर ग्राम पंचायत के लिए 3 करोड़ 70 लाख 63 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत प्रत्येक उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण पर 28.51 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मैनपुर के भी 13 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 3 करोड़ 70 लाख 63 हजार रुपए की मंजूरी मिली है। यहाँ भी प्रत्येक केंद्र को 28.51 लाख रुपए का बजट मिलेगा।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जताई खुशी

मैनपुर ब्लॉक के बिरीघाट, डेंडुपदर, ढोर्रा, गोलामाल, गुरुजीभाटा (अ), कांडेकेला, मैनपुर खुर्द, छिंदौला, भाठीगढ़, पदमपुर, घूमरापदर, खरीपथरा और सुकलीभाठा ग्राम पंचायत में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के बाद गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है।

### अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाना हमारा लक्ष्यः रोहित

लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों के सुव्यवस्थित भवनों की मांग की जा रही थी। इस स्वीकृति से वनांचल और दूरदराज के गांवों में रहने वाले गरीब और आदिवासी परिवारों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रत्येक केंद्र को मिलने वाले 28.51 लाख रुपए से स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर सुधरेगा और डॉक्टरों व स्टाफके लिए बेहतर माहौल तैयार होगा।

### सीएम साय और स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का गरियाबंद जिले की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। हमारी सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। मैं इस संवेदनशीलता के लिए छग प्रदेश की सुशासन वाली सरकार का आभारी हूँ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com